


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 258

ग्वालियर, मंगलवार 07 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## वाराणसी धमाकों के दोषी वलीउल्लाह को फांसी, 18 लोगों की हुई थी मौत

**लखनऊ।** वाराणसी सीरियल ब्लास्ट केस में दोषी करार दिए गए आतंकी मोहम्मद वलीउल्लाह को सोमवार को गाजियाबाद कोर्ट द्वारा मामले में फांसी और दूसरे में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। दरअसल, 16 साल पुराने वाराणसी सीरियल ब्लास्ट केस में जिला एवं सत्र अदालत ने 4 जून को वल्लीउल्लाह को दोषी ठहराया था।



सिलसिलेवार हुए ब्लास्ट केस के दो मामलों में जिला जज ने आतंकी वल्लीउल्लाह को दोषी माना था, जबकि एक में बरी कर दिया था। वाराणसी बम कांड के दोषी आतंकी वलीउल्लाह को हत्या के एक मामले में फांसी की सजा सुनाई गई है, वाराणसी के संकट मोचन मंदिर परिसर में हुए बम विस्फोट के मामले में सजा सुनाई गई है। इस बम कांड में 7 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 26 लोग घायल और अपंग हो गए थे। वहीं, दशाश्वमेध घाट पर कुकर बम से बम कांड की साजिश रचने के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके पहले वलीउल्लाह को सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच जिला जज की अदालत में पेश किया गया। इससे पहले जिला जज के आदेश पर पूरे कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी और बम एवं डॉग स्क्वायड दस्ते द्वारा कोर्ट परिसर की गहन तलाशी ली गई। पुलिस चौकी के पास के मुख्य द्वार को भी बंद कर दिया गया। इस दौरान लोगों के आने-जाने के लिए मात्र एक गेट खुला रखा गया और उस पर भी सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

# यूपी-दिल्ली-बिहार में भीषण लू का कहर, कई राज्यों में बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर-पश्चिम और मध्य हिस्से फिर से लू की चपेट में है। कई कस्बों और शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, विदर्भ, उत्तर प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र और मध्य प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में अगले दो से तीन दिनों तक लू चलने की संभावना है। इस बीच मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि देश के उत्तर पूर्वी हिस्सों में अगले 5 दिन तेज बारिश हो सकती है।

नॉर्थ ईस्ट इलाकों में बारिश होने के अलावा देश के अन्य हिस्सों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी। इसके बाद इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। आईएमडी ने कहा है कि देश के अन्य हिस्सों में अगले पांच दिन अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं दर्ज किया जाएगा।

राजस्थान गुजरात सहित मध्यप्रदेश में भी तापमान में वृद्धि देखने को मिलेगी। वही आसमान साफ रहेगा लोगों को सजग रहने की सलाह दी गई है, हालांकि 10 जून के बाद एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार के दिन भी लोगों को झुलसाने वाली लू का सामना करना पड़ेगा। इसके लिए मौसम विभाग की ओर से लू का अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार के दिन 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाएं भी चलेंगी। इसके चलते लोगों को ज्यादा भीषण लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, मंगलवार को तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट आने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा उत्तर पश्चिमी भारत के अधिकांश हिस्सों में भी अगले 4 से 5 दिनों में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं देखने को मिलेगा। मध्य भारत में अगले दो दिनों में अधिकतम



तापमान में कोई बदलाव नहीं देखने को मिलेगा। उसके बाद इसमें दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की जाएगी। वहीं राजस्थान, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, विदर्भ, उत्तर प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र और मध्य प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में अगले दो दिनों तक लू चलने की आशंका है। ऐसे में लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मध्यप्रदेश में प्री मानसून एक्टिविटी कमजोर होने के कारण एक बार फिर से गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के हर एक जिले में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। वहीं मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक फिलहाल कुछ दिन प्रदेशवासियों को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। अगले 24 घंटों में ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों समेत राजगढ़, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, रीवा और सतना में लू चलने की संभावना है जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने कहा है कि असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल के हिमालयी इलाकों, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के अधिकांश हिस्सों में अगले पांच दिनों तक तेज बारिश हो सकती है। इसके साथ ही दक्षिण पश्चिम मानसून अपनी शुरुआत की सामान्य तारीख से कम से कम चार दिन पहले पश्चिम बंगाल में पहुंच गया है। यह राज्य के हिमालयी इलाकों के कुछ हिस्सों पर मौजूद है। इसके कारण नॉर्थ ईस्ट के इलाकों में बारिश होगी। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले पांच दिनों तक कर्नाटक, केरल, माहे और लक्षद्वीप के तमाम इलाकों में तेज बारिश हो सकती है। इसके साथ ही आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पुडुचेरी, कराईकल और तमिलनाडु के अधिकांश हिस्सों के लिए मध्यम बारिश को अलर्ट जारी किया गया है।

## आरबीआई ने अफवाहों पर लगाया विराम, नोटों पर महात्मा गांधी की तस्वीर को बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने साफ किया है कि कि बैंक नोटों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर को बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि मीडिया के कुछ वर्गों में ऐसी




खबरें आई हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक नोटों पर महात्मा गांधी की तस्वीर हटाकर दूसरे लोगों की इमेज लगाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। आरबीआई के चीफ जनरल मैनेजर योगेश दयाल की तरफ से कहा गया हैं कि उसके पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। पिछले दिनों कुछ खबरों में बताया गया था कि वित्त मंत्रालय और आरबीआई कुछ मूल्यवर्ग के बैंक नोटों पर गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम सहित अन्य प्रमुख भारतीयों के चित्रों का उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं। खबरों में दावा किया गया था कि कुछ बैंक नोटों की एक श्रृंखला पर कलाम और टैगोर के वॉटरमार्क का इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा है। टैगोर का नाम देश और दुनिया में तो लोग आदर के साथ लेते हैं ही, लेकिन बंगाल में उन्हें एक विशेष दर्जा दिया जाता है। बंगाल में बड़ी संख्या में घरों में रवीन्द्रनाथ टैगोर की तस्वीर देखी जा सकती है। वहीं, भारत के 11 वें राष्ट्रपति मिसाइल मैन डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम देश के एक महान व्यक्तित्वों में से एक हैं। दरअसल आरबीआई और सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मीटिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया ने आईआईटी-दिल्ली के प्रोफेसर दिलीप टी साहनी को गांधी, टैगोर और कलाम वॉटरमार्क के नमूनों के दो अलग-अलग सेट भेजे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि साहनी को दो सेटों में से चुनने और उन्हें सरकार द्वारा अंतिम विचार के लिए पेश करने के लिए कहा गया है। वॉटरमार्क की जांच करने वाले प्रोफेसर साहनी इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंस्ट्रुमेंटेशन में माहिर हैं।



## सिद्धू मूसेवाला के गांव जाएंगे राहुल गांधी परिजनों से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के एक सप्ताह बाद कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी उनके परिवार से मुलाकात करेंगे। वह कल सिद्धू मूसेवाला के गांव मूसा पहुंचेंगे, जो पंजाब के मानसा जिले में स्थित है। मूसेवाला कांग्रेस के नेता भी थे और हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने मानसा सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि इसमें उन्हें आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार रहे विजय सांगला के हाथों 67,000 वोटों से हार झेलनी पड़ी थी। इससे पहले आज सीनियर लीडर सचिन पायलट भी सिद्धू मूसेवाला के गांव पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कांग्रेस के अलग-अलग राज्यों की यूनिट ने ट्वीट किए थे। मूसेवाला की युवाओं के बीच जबरदस्त फैन फॉलोइंग रही है, ऐसे में कांग्रेस उनकी हत्या के मामले में पीछे हटते नहीं दिखना चाहती। उन्हें अंतिम विदाई दिए जाने के दिन पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर राजा वड़िंग भी उनके घर पर पहुंचे थे। मूसेवाला की हत्या को लेकर कांग्रेस लगातार पंजाब की आप सरकार पर सवाल उठा रही है। दरअसल पंजाब सरकार ने एक दिन पहले ही राज्य के 424 लोगों की सुरक्षा में कमी की थी या वापस ले ली थी।

## कुतुब मीनार परिसरः एएसआई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई से इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट की अवकाश पीठ ने कुतुब मीनार परिसर में स्थित मस्जिद में नमाज अदा करने पर रोक लगाने के एएसआई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया। बता दें कि बीते दिनों कुतुब मीनार परिसर में स्थित मस्जिद में नमाज पढ़े जाने पर रोक को हटाने के लिए एक वकील ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

कुतुब मीनार परिसर में मौजूद मस्जिद में नमाज पढ़ने पर रोक के एएसआई के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसमें वकील की ओर से कहा गया कि यह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है, यहां काफी वक्त से नमाज पढ़ी जा रही है। इसके बावजूद 15 मई को अचानक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी एएसआई ने नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी। हालांकि, इस याचिका पर उस वक्त भी तुरंत सुनवाई करने से हाईकोर्ट ने साफ तौर पर इनकार कर दिया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि हम सोमवार को सुनवाई के लिए याचिका को लिस्ट नहीं कर सकते। अगर आप गर्मी की छुट्टियों के दौरान सुनवाई चाहते हैं,तब रजिस्ट्रार के सामने अपनी बातें रखें। इसके बाद अवकाश पीठ के पास यह याचिका पहुंची थी, लेकिन कोर्ट ने इस पर भी जल्द सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

बता दें कि बीते दिनों कुतुब मीनार परिसर में हिंदू और जैन देवताओं की मूर्तियों की पुन- स्थापना करने की मांग के बीच दिल्ली वक्फ बोर्ड ने दावा किया है कि यहां कुतुब मीनार परिसर की मस्जिद में नमाज पहले से होती रही है, लेकिन भारतीय पुरतत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने इस रुकवा दिया था। बोर्ड ने मस्जिद में नमाज की अनुमति देने की मांग की है। इससे पहले एएसआई ने दिल्ली की अदालत में उस याचिका का विरोध किया था, जिसमें हिंदू और जैन देवताओं की मूर्तियों की कुतुब मीनार परिसर में फिर से स्थापना की मांग की गई थी। एएसआई ने साफ शब्दों में कहा कि यह पूजा का स्थान नहीं है और स्मारक के मौजूदा दर्जे को बदला नहीं जा सकता।

## खास खबर

### गुजरात एटीएस ने 50 किलो हेरोइन बरामद की, बाजार में कीमत 250 करोड़

**भुज।** गुजरात के कच्छ जिले में जखाऊ के निकट अरब सागर के खाड़ी क्षेत्र में 50 किलो हेरोइन बरामद की हैं। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 250 करोड़ रुपए है। इस बारे में गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के डिप्टी एसपी भावेश पी रोजिया का बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने बताया कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और कोस्ट गार्ड के संयुक्त अभियान में हेरोइन बरामद हुई। गुजरात एटीएस के डिप्टी एसपी रोजिया ने बताया कि हमें 30 मई को सूचना मिली कि पाकिस्तान से एक नांव 50 किलो हेरोइन गुजरात ला रही है। गुजरात एटीएस की टीम ने गुजरात कोस्ट गार्ड के साथ कार्रवाई कर नांव को पकड़ा। तलाशी करने पर हमें कुछ नहीं मिला। इसके बाद नांव को ज़ब्त कर सवार लोगों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि उन्होंने थैला पानी में फैंक दिया था। हमने कोस्ट गार्ड, मरीन पुलिस और अन्य को सतर्क कर एटीएस को बताने के लिए कहा। कल मरीन पुलिस और बीएसएफ को यह बैग मिला। इसमें करीब 50 किलो हेरोइन है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कीमत 250 करोड़ रुपए है।

### प्रियंका गांधी भरोसे बैठी यूपी कांग्रेस में बेचैनी बिना अध्यक्ष न कोई नेता न सुनवाई

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू से इस्तीफा मांग लिया गया था। आलाकमान के निर्देश पर ऐसा हुआ भी, लेकिन आज करीब 3 महीने गुजर चुके हैं और प्रदेश इकाई बगैर मुखिया के काम कर रही है। राज्य के कांग्रेस नेताओं को चुनावी तैयारियों का डर सताने लगा है। इसके अलावा खबर है कि वे पार्टी नेतृत्व तक भी पहुंचकर अपनी बात नहीं कह पा रहे हैं। पार्टी के कई नेताओं को चिंतन शिविर से पहले नया अध्यक्ष मिलने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि उदयपुर में आयोजित मंथन में यूपी कांग्रेस को मजबूत प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका। इसके बाद पार्टी नेताओं की उम्मीद प्रियंका गांधी वाड्रा के दौरे से जगी थी। हालांकि, उस दौरान भी निराशा ही मिली। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, %वह कोविड से बीमार हैं और सभी जानते हैं कि फैसला उन्हें लेना है, क्योंकि वह प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी हैं। लेकिन जब अन्य पार्टियां आगामी निकाय चुनाव और यहां तक कि 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं, हमारे पास प्रदेश इकाई का प्रमुख भी नहीं है। उन्होंने कहा, हमें डर है कि यूपी में पार्टी को दोबारा तैयार करने के लिए बेहतर व्यवस्था तैयार करने की कोशिश में हम दौड़ में पिछड़ जाएंगे।

### पति की मौत के बाद मां को बेटे के दोस्त से हो गया प्यार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जाफराबाद इलाके में एक युवक ने कथित तौर पर अपनी मां के प्रेमी की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी युवक शाहरुख मौके से फरार हो गया। पुलिस केस दर्ज कर उसकी तलाश रही है। मृतक 25 वर्षीय नाजिम मौजपुर के अशोक मोहल्ला में रहता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। वह चाय की दुकान चलाता था। दुकान के पास ही आरोपी का मकान है। शुरुआती जांच में पता चला है कि कुछ साल पहले शाहरुख के पिता की मौत हो गई थी। नाजिम और शाहरुख में दोस्ती थी। नाजिम का उसके घर आना-जाना था। इसके चलते नाजिम की शाहरुख की मां के साथ नजदीकियां बढ़ गई थीं।

# कांग्रेस का आरोप, पैगंबर मोहम्मद मामले में गलती भाजपा वाले करें और माफी भारत मांगे

**नई दिल्ली।** पैगंबर मोहम्मद पर भाजपा की नेता नूपुर शर्मा के विवादित बयान का मामला अभी तक शांत नहीं हुआ है। कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्त रणदीप सुरजेवाला ने सिलसिलेवार कई ट्वीट करके मोदी सरकार से सवाल किए हैं। उन्होंने नुपूर शर्मा वाले बयान पर भाजपा को घेरकर कहा है, कि गलती भाजपा वाले करें और माफी भारत मांगे। ये अस्वीकार्य है। हालांकि मामले में भाजपा ने नूपुर शर्मा को सस्पेंड कर दिया है, वहीं विदेश मंत्रालय की ओर से सफाई भी पेश की है। खाड़ी देशों ने पैगंबर बयान मामले में भारत की निंदा की थी। वहीं कतर ने भारत से माफी मांगने की अपील की है। सुरजेवाला ने ट्वीट कर लिखा है, कि भाजपा एक तरफधार्मिक ध्रुवीकरण कर और नफरत फैला कर भारत की सदियों पुरानी 'वसुधैव कुटुंबकम' की परंपरा का अपमान करती है, दूसरी और सब धर्मों के सम्मान का ढोंग व पाखंड करती है। इस कहते हैं, नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली%। सुरजेवाला ने दूसरा ट्वीट करते हुए लिखा है, भाजपा नेतृत्व ने वोट बटोरने के लिए एक नया शब्दकोश बना लिया है। भाजपाई राजनीति में 'विकास', रोजगार', प्रगति', 'शिक्षा', 'कृषि', 'सिंचाई', 'बिजली',



'बुनियादी ढांचा' जैसे शब्दों के मायने नहीं रह गए। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा नेतृत्व की सत्ता की हवस देश की %सर्वधर्म सम्भाव% की संस्कृति को अपूरणीय क्षति पहुंचा रही है। इसके चलते देश के सिख, मुस्लिम, ईसाई, दलित, आदिवासी और ओबीसी मोदी सरकार द्वारा समर्थित असामाजिक तत्वों की हिंसा व शोषण का शिकार हो रहे हैं। सुरजेवाला ने भाजपा सरकार से कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने लिखा है कि क्या भाजपा अपने तौर-तरीकों में सुधार लाने के प्रति गंभीर है? उनका दूसरा सवाल है, क्या भाजपा अपने अपराधों का पश्चात्ताप करने की बजाय गिरगिटी रंग बदल रही है? क्या अब भारत की आत्मा, विचारधारा और मानवता की समावेशी परंपरा पर नफरत का बुलडोजर चलना बंद हो जाएगा? कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा द्वारा दिया एक छोटा सा बयान भारतीयता के सिद्धांत को पहुंचाए गए लाखों जख्मों को नहीं भर सकेगा। यह उनके लिए सीख है, जो राजनीति की इस शतरंज में एक प्यादे से ज्यादा कुछ नहीं, जिनका इस्तेमाल कर काम हो जाने के बाद उन्हें दूध में से मक्खी की तरह निकालकर फेंक दिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी बोले- दुनिया के एक बड़े हिस्से को भारत से समस्याओं के समाधान की आस

### आइकॉनिक वीक समारोह में सिक्कों की नई श्रृंखला जारी



**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गिनती वैश्विक नेताओं में की जाती है। पीएम मोदी ने सोमवार को कहा कि दुनिया के एक बड़े हिस्से को भारत से समस्याओं के समाधान की उम्मीद है और यह इसलिए संभव हो पा रहा है, क्योंकि पिछले आठ वर्षों में सरकार ने सामान्य भारतीय के विवेक पर भरोसा किया और जनता को विकास में ईमानदार भागीदार के रूप में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। वित्त मंत्रालय और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के 'अनुप्रतीकात्मक सप्ताह' (आइकॉनिक वीक) समारोह का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने प्रधानमंत्री क्रेडिट-लिंक्ड सरकारी योजनाओं के लिए जन समर्थ पोर्टल की शुरुआत की और सिक्कों की नई श्रृंखला भी जारी की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पिछले आठ वर्षों में भारत ने जो सुधार किए हैं, उनमें बड़ी प्राथमिकता इस बात को भी दी गई है कि देश के युवाओं को अपना सामर्थ्य दिखाने का पूरा मौका मिले। उन्होंने कहा, 'हमारे युवा अपनी मनचाही कंपनी आसानी से खोल पाएं, वे अपने उद्यम आसानी से स्थापित कर पाएं, उन्हें आसानी से चला पाएं, इसके लिए 30 हजार से ज्यादा स्वीकृति संबंधी खामियों को कम करके, डेढ़ हजार से ज्यादा कानूनों को समाप्त करके, कंपनीज एक्ट के अनेक प्रावधानों को अवैध मानना बंद करके यह सुनिश्चित किया गया है कि भारत की कंपनियां न सिर्फ आगे बढ़ें, बल्कि नई ऊंचाई प्राप्त करें।' प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधार के साथ ही सरकार ने जिस बात पर ध्यान केंद्रित किया है, वह है सरलीकरण। उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि केंद्र और राज्य के अनेक करों के जाल की जगह अब वस्तु एवं सेवा कर यानी (जीएसटी) ने ले ली है। मोदी ने कहा, 'इस सरलीकरण का नतीजा भी देश देख रहा है। अब हर महीने जीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रुपये के पार जाना सामान्य बात हो गई है।'

## इमरान के विरुद्ध दंगा, देशद्रोह जैसे मामलों में 24 से अधिक केस दर्ज, 23 जून के बाद होगी गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की राजनीति में उथल-पुथल का दौर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। सत्ता से बाहर आते ही इमरान ने शाहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और उस पर लगातार हमले कर रहे हैं। इसी बीच काफी समय से यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि पूर्व पीएम इमरान कभी भी गिरफ्तार किए जा सकते हैं। पाकिस्तान के गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह ने बताया है कि इमरान खान को दो जून को तीन सप्ताह की ट्रांजिट जमानत दी गई थी। उन्होंने बताया कि 23 तारीख को उनकी जमानत समाप्त हो रही है, इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। राणा सनाउल्लाह ने कहा इमरान पर दंगा, देशद्रोह, अराजकता फैलाने के मामलों में दो दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं।

सनाउल्लाह ने यह भी बताया कि इमरान खान के बानी गाला आवास के बाहर तैनात सुरक्षा अधिकारी अदालत द्वारा दी गई उनकी सुरक्षात्मक जमानत की अवधि समाप्त होने पर उन्हें गिरफ्तार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एक लोकतांत्रिक समाज में कोई ऐसा शख्स किसी राजनीतिक दल का मुखिया कैसे बन



सकता है, जो लोगों को उकसाता हो और जिसने अपने विरोधियों को देशद्रोही बताते हुए नैतिक व लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रख दिया हो। हालांकि गृहमंत्री ने कहा कि वह इमरान खान का इस्लामाबाद में स्वागत करते हैं। उन्हें कानून के मुताबिक सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। उधर शनिवार देर रात इस्लामाबाद पुलिस ने कहा था कि पेशावर से इमरान खान के इस्लामाबाद लौटने की संभावना को देखते हुए बानी गाला के घर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पूरे इलाके को हाई अलर्ट पर रखा गया है और धारा 144 लगा दी गई है। वहीं इससे पहले इमरान की हत्या की भी आशंका लगाई गई थी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### हार्दिक को मिला विशेष उपहार

**नई दिल्ली** । गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को आईपीएल खिताब जीतने पर एक विशेष उपहार मिला है जिसकी तस्वीरें हार्दिक ने सोशल मीडिया में साझा की हैं। हार्दिक को उपहार के तौर पर एक कस्टमाइज पेंडेंट मिला है, जिस पर एक तरफ गुजरात टाइटंस और दूसरी तरफ आईपीएल 2022 चैम्पियंस लिखा हुआ है। यह उपहार से हार्दिक बहुत ज्यादा खुश है और उनकी पत्नी नताशा ने इससे जुड़ा एक वीडियो भी बनाया है, जिसके बैकग्राउंड में गुजरात टाइटंस का एंथम सॉन्ग सुनाई दे रहा है। हार्दिक की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के 15 वें सत्र में 14 में से 10 मैच जीते थे। वहीं गुजरात ने पहले क्वालिफायर में राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराया था। हार्दिक ने आईपीएल में बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी दोनो में अच्छा प्रदर्शन किया था। उनकी कप्तानी में जिस प्रकार अपने पहले ही आईपीएल में गुजरात टीम ने खिताब जीता है उसकी किसी ने भी कल्पना नहीं की थी।


उत्तरी कैरोलिना में ऑस्ट्रेलियाई गोल्फर मिंजी ली ट्रॉफी के साथ नजर आयीं।

### अगस्त से फुटबॉल लीग दोबारा शुरू करना चाहता है यूक्रेन

**कार्डिफ** । यूक्रेन, रूस के हमले के बावजूद राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की की स्वीकृति के बाद अगस्त में प्रतिस्पर्धी फुटबॉल बहाल करने की योजना बना रहा है। यूक्रेन फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष आंद्रेय पावेल्को ने राष्ट्रपति जेलेंस्की के अलावा फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा और यूरोपीय फुटबॉल की संचालन संस्था यूएफा के अधिकारियों के साथ अपनी बातचीत का खुलासा किया। बातचीत के दौरान यूक्रेन में पुरुष और महिला वर्ग के मुकाबलों के सुरक्षित आयोजन के तरीके तलाशने पर चर्चा की गई। यूक्रेन को फरवरी में अपनी लीग बीच में ही रोकनी पड़ी थी, जब रूस ने उस पर हमला कर दिया था। राष्ट्रपति जेलेंस्की के अनुसार इस हमले में यूक्रेन के हजारों लोगों ने अपनी जान गंवाई और कई शहर तथा नगर मलबे के ढेर में तब्दील हो गए। रूस ने पूर्व और दक्षिण में सैनिकों को फिर तैनात किया है, लेकिन राजधानी कीव के निकट तथा अन्य स्थानों पर हमले कम हुए हैं। उम्मीद है कि खेल के बहाल होने से लोगों का हौसला मजबूत होगा। यूक्रेन रविवार को वेल्स को उसकी सरजमीं पर हराकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेगा।


मोरक्को में जमैका की एलीना थॉम्पसन ने महिलाओं की सौ मीटर रेस में आईवरी कोस्ट की मेरी जोसी व जमैका की नतासा मोरीसन को पीछे छोड़ जीत हासिल की।

# तुरलिखानोव कप में पहलवान बजरंग को कांस्य, अमन ने जीता स्वर्ण पदक

**अलमाटी** । भारत के ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने 65 किग्रा वर्ग में यहां बोलात तुरलिखानोव कप में कांस्य पदक हासिल किया है। वहीं भारत के ही अमन ने 57 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। बजरंग अपने मुकाबले के दौरान रक्षात्मक रणनीति अपनाने के कारण शुरुआती मुकाबले में उज्बेकिस्तान के अब्बोस राखमोनोव के खिलाफ संघर्ष करते दिखे और अंत में उन्हें 3-5 से हार झेलनी पड़ी।





इसके बाद कांस्य पद के प्लेऑफ में अच्छा प्रदर्शन कर उन्होंने कजाकिस्तान के रिफत साइबोतालोव के खिलाफ अंक हासिल कर 7-0 से मुकाबला जीता। बजरंग ने साइबोतालोव पर दायें पैर से हमला किया और फिर जवाबी हमला कर 2 अंक बटोरे। बजरंग इस मुकाबले में अपने 'मूवमेंट' को लेकर काफी तेज थे जिसमें रक्षात्मकता और आक्रामकता का सही मिश्रण रहा। इससे पहले राखमोनोव के खिलाफ रक्षात्मक होने के कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

बजरंग को अपने प्रतिद्वंद्वी के दो बार 'फाउल प्ले' के कारण दो अंक मिले।

वहीं भारत के ही अमन ने 57 किग्रा वर्ग में अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। उन्होंने शुरुआती मुकाबले में मेराम्बेक कार्टबे के खिलाफ 15-12 से जीत के साथ ही शुरूआत की और फिर अब्दीमलिक कराचोव के खिलाफ तकनीकी आधार पर जीत हासिल की। अपने अंतिम मुकाबले में अमन ने कजाखस्तान के मेरे बाजारबाएव को 10-9 से हराया। इससे वह पांच पहलवानों के वर्ग के किसी भी मुकाबले में नहीं हारे और स्वर्ण पदक हासिल किया।

यह अमन का इस सत्र का तीसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने डान कोलोव में रजत और यासार डोगू में कांस्य पदक जीता था। भारत के ही विशाल कालीरमना 70 किग्रा और नवीन 74 किग्रा कांस्य पदक के मुकाबले से बाहर हो गये।

## विश्व कप में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**नई दिल्ली** । भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा है कि उनकी टीम एक जुलाई से नीदरलैंड और स्पेन में होने वाले विश्व कप हॉकी में जीत के इरादे से उतरेगी। विश्वकप में भारत को पूल बी में इंग्लैंड, चीन और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। इससे पहले हालांकि भारतीय टीम को बेल्जियम, अर्जेंटीना, नीदरलैंड जैसी टीमों के खिलाफ भी एफआईएच प्रो लीग में भी खेलना है। सविता ने कहा, विश्व कप में भी वहीं टीमें हैं जो ओलंपिक में थी। ओलंपिक की कमी हम विश्व कप में पूरी करने का प्रयास करेंगे और हमारी नजरें अगले ओलंपिक पर लगी है। हम चौथे स्थान से संतोष नहीं करने वाले हैं, हमें ओलंपिक पदक जीतना ही है।

# कबड्डी खिलाड़ी संदीप की हत्या मामले में पांच और आरोपी पकड़े

**चंडीगढ़** । अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी संदीप सिंह उर्फ अंबिया की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच और आरोपियों को पकड़ा है। इनमें दो शूटर हैं, इनके कब्जे से 7 देसी-विदेशी पिस्तौल और 3 गाड़ियां बरामद हुई हैं। पकड़े गये लोगों में हरविंदर सिंह उर्फ फौजी और विकास माहले भी हैं। संदीप की हत्या के मामले में ही हरविंदर ने ही शार्प शूटरों को आने-जाने के लिए वाहन, हथियार, सुरक्षित जगह उपलब्ध करायी थी। विकास माहले ने फौजी के साथ मिलकर संदीप पर हमला किया है। पुलिस के अनुसार विकास ने पंजाब में दो और हत्याओं की बात मानी है। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार गांव मल्लियां में चल रहे कबड्डी मैच के दौरान संदीप की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात में पांच हमलावरों के शामिल होने की जानकारी के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान हरविंदर सिंह उर्फ फौजी निवासी बुलंदशहर, विकास माहले निवासी गुड़गांव, सचिन धोलिया निवासी अलवर राजस्थान, मनजोत कौर निवासी संगरूर और यादविंदर सिंह निवासी पीलीभीत यूपी के तौर पर हुई है। पुलिस ने इनके पास से 5 विदेशी .30 बोर की पिस्तौल, दो .315 बोर की कंट्री मेड पिस्टल बरामद हुई. इसके अलावा 3 गाड़ियां महिंद्रा ऐक्सयूवी, टोयटा ईटियोस और हुंडई वर्ना भी बरामद की गई हैं।

पुलिस के मुताबिक, हरविंदर सिंह इस हत्या में मुख्य कोऑर्डिनेटर था। उसने ही शार्प शूटरों को वाहन, हथियार, ट्रेनिंग, जगह, वित्तीय सहायता मुहैया कराई थी। इस पुलिस अधिकारी के अनुसार फरीदाबाद से पकड़े गए विकास माहले ने फौजी के साथ मिलकर संदीप की हत्या की।

# नडाल ने रुड को हराकर रिकार्ड 14वीं बार फ्रेंच ओपन जीता

**पेरिस** । स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल ने 14वीं फ्रेंच ओपन टेनिस जीतकर नया विश्व रिकार्ड बनाया है। नडाल ने फाइनल में नार्वे के केस्पर रुड को 6-3, 6-3, 6-0 से हराया। इसी के साथ ही नडाल के ग्रैंड स्लैम खिताबों की संख्या बढ़कर 22 पहुंच गयी है। इससे वह सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के मामले में भी स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर और सर्बिया के नोवाक जोकोविच से आगे निकल गये हैं। नडाल इस प्रकार इस ट्रॉफी को जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने हैं। वहीं उपविजेता रहे नॉर्वे के रुड पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने दूसरे सेट में अच्छी शुरुआत करते हुए 3-1 से बढ़त हासिल की थी पर इसके बाद भी नडाल के सामने वह टिक नहीं पाये। अनुभव के आगे उनकी एक ना चली. नडाल ने इसके बाद लगातार दो सेट जीतकर मैच पर कब्जा कर लिया। पूरे मैच के दौरान नडाल हावी रहे। भारतीय क्रिकेटरों के बीच भी नडाल खासे लोकप्रिय हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनकी इस जीत पर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर , वीवीएस लक्ष्मण, रवि शास्त्री और वीरेंद्र सहवाग सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों ने बधाई दी है।. सचिन ने ट्वीट किया, ' 36 साल की उम्र में 14वां फ्रेंच ओपन खिताब और ओवरऑल 22 ग्रैंड स्लैम जीतना एक अश्विसनीय उपलब्धि है।



## व्यापार न्यूज

### पर्यावरण के अनुकूल 20 रेस्तरां खोलेगी केएफसी इंडिया

**चेन्नई** । विश्व प्रसिद्ध फास्ट फूड श्रृंखला केएफसी इंडिया ने चेन्नई में पर्यवरण फ्रेडली 'केएफकॉन्शियस' रेस्तरां शुरू किया है। कंपनी का दावा है कि यह शहर का सबसे पर्यावरण के अनुकूल रेस्तरां हैं और इसमें ऊर्जा दक्षता पर ध्यान दिया गया है। साथ ही इसके लिए पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया है। कंपनी ने कहा कि उसकी योजना देश में 20 और ऐसे आउटलेट खोलने की है। कंपनी ने बयान में कहा, 'यह देश का पहला ऐसा त्वरित सेवा रेस्तरां हैं। यह रेस्तरां चेन्नई के त्यागरायनगर (टी नगर) में खोला गया है। बयान में कहा गया है कि केएफकॉन्शियस केएफसी की वैश्विक स्तर पर 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 46 प्रतिशत कमी के लक्ष्य के अनुरूप है। कंपनी ने कहा कि इस रेस्तरां के डिजाइन और परिचालन को ऊर्जा दक्षता के साथ एकीकृत किया गया है। साथ ही इसमें पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल सामान का इस्तेमाल हुआ है। यमुनानगर एक्सप्रेसवे पर भी कंपनी के एक फूड कोर्ट में ऊर्जा दक्षता का ध्यान रखा गया है। केएफसी की योजना 2022 तक 20 और ऐसे रेस्तरां खोलने की है। कंपनी ने कहा कि इससे हमारे ग्राहक अधिक जिम्मेदार तरीके से केएफसी के व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। केएफसी इंडिया के प्रबंध निदेशक समीर मेनन ने कहा, 'हम अपने ग्राहकों, समुदायों और पर्यावरण का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध हैं। केएफकॉन्शियस हमारी इसी सोच को आगे बढ़ाता है।'

### रुपया 77.62 पर खुला



**मुंबई** । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को तेजी के साथ खुला है। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन अमेरिकी मुद्रा में आई गिरावट से भारतीय रुपया शुरुआती कारोबार में चार पैसे की तेजी के साथ ही 77.62 के स्तर पर खुला। घरेलू शेयर बाजार में आई नरमी के साथ ही कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी कोषों के लगातार बाहर जाने से रुपये में यह तेजी आई है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 77.65 पर थोड़ा मजबूत होकर खुला और पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की बढ़त दर्ज करते हुए 77.62 पर पहुंच गया जबकि पिछले सत्र में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 77.66 पर बंद हुआ था। इसी बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ ही 102.10 पर पहुंच गया। ।

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक में 100 रुपए से शुरू करें फिक्स्ड डिपॉजिट, एफडी तोड़ने पर नहीं लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली** । निवेश की बात करें तो ज्यादातर लोग एफडी यानी फिक्स्ड डिपॉजिट करने की सलाह देते हैं. निवेश करने के लिहाज से एफडी बेहतर विकल्प माना जाता है, इसमें गारंटी के साथ रिटर्न मिलता है. इसमें सेविंग अकाउंट के मुकाबले ज्यादा रिटर्न मिलता है. वहीं, देश के अग्रणी पेमेंट्स बैंकों में एक पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड यानी पीपीबीएल भी अपने ग्राहकों को फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी की सुविधा मुहैया कराता है. पेटीएम पेमेंट्स बैंक में आप कम से कम 100 रुपये के निवेश के साथ एफडी करवा सकते हैं. बैंक एफडी पर 5.5 फीसदी तक ब्याज ऑफर कर रहा है. खास बात है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक समय से पहले एफडी तोड़ने पर ग्राहकों से कोई जुर्माना वसूल नहीं करता. किसी भी पेमेंट्स बैंक को फिक्स्ड डिपॉजिट की सुविधा प्रदान करने की प्रत्यक्ष तौर पर इजाजत नहीं है. इसलिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने इसके लिए इंडसइंड बैंक के साथ पार्टनरशिप किया है. हालांकि ब्याज की दरें इंडसइंड बैंक तय करती हैं. पेटीएम पेमेंट्स बैंक की वेबसाइट पर उपलब?ध जानकारी के मुताबिक, पेटीएम पेमेंट्स बैंक में एफडी का मैच्योरिटी पीरियड 356 दिन है और इस पर 5.5 फीसदी ब्याज मिल रहा है. एफडी में खास बात है कि मैच्योरिटी पीरियड पूरा होने से पहले ही एफडी तोड़ने पर कोई चार्ज नहीं देना होता।

# देश में जल्द शुरू हो सकते हैं एथेनॉल से चलने वाले वाहन : नितिन गड़करी

**नई दिल्ली** । केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ऐसे संकेत दिए हैं कि देश में जल्द एथेनॉल से चलने वाले वाहन शुरू हो सकते हैं। इसके लिए वे सरकार और कंपनियों के स्तर पर बातचीत को आगे बढ़ा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, बजाज टीवीएस और हीरो जैसी कंपनियां फ्लेक्स फ्यूल से चलने वाले मोटरसाइकिल और ऑटो लाए थे। मैं पीएम के पीछे गया और पुणे में इंडियन ऑयल के 3 एथेनॉल पंप मिले, लेकिन अभी तक इसकी एक भी बूंद नहीं बिकी। इसलिए मैं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार से अनुरोध करना चाहता हूं कि आपको इसके लिए आगे आना चाहिए। पुणे में 100त्न एथेनॉल पर स्कूटर-ऑटो शुरू करने के लिए हम बजाज से बात करेंगे। इससे प्रदूषण भी कम होगा।

पिछले साल दिसंबर में केंद्रीय मंत्री ने वाहन निर्माता कंपनियों को 6 महीने के भीतर फ्लेक्स फ्यूल से चलने वाले वाहन बनाने पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार ग्रीन और वैकल्पिक ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रही है, जिसमें कंपनियों को भी आगे आना होगा। टीवीएस मोटर्स और बजाज ऑटो जैसी ऑटो कंपनियों ने अपने फोर व्हीलर और थ्री व्हीलर वाहनों के लिए भी फ्लेक्स-फ्यूल इंजन का निर्माण शुरू कर दिया था। हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट ने पेट्रोल में एथेनॉल के 20 फीसदी मिलावट के लक्ष्य को 2025-26 तक पूरा करने को हरी झंडी दिखाई है। इससे पहले यह लक्ष्य 2030 तक के लिए तय किया गया था। फिलहाल पेट्रोल में करीब 10 फीसदी एथेनॉल मिलाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में जैव-ईंधन (बायोफ्यूल) पर नेशनल पॉलिसी में संशोधन को मंजूरी दी गई थी। इसके तहत एथेनॉल का प्रोडक्शन ब?गा। साथ ही, प्रोडक्शन ब?ाने के लिए कई और फसलों के इस्तेमाल की भी मंजूरी दी गई है। वर्तमान में भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए 85 फीसदी तेल इम्पोर्ट करता है। ऐसी स्थिति में बायोफ्यूल पॉलिसी काफी मददगार होगी, जिससे इम्पोर्ट पर देश की निर्भरता को कम होगी। सरकार की ओर से कहा गया है कि चूंकि बायोफ्यूल प्रोडक्शन के लिए कई और प्रोडक्ट की अनुमति दी जा रही है, इससे आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा मिलेगा। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक एनर्जी मामले में आत्मनिर्भर बनाने के सपने को पूरा करने में मदद मिलेगी।

# शेयर बाजार गिरावट से खुला

**मुंबई** । मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ खुला। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने के साथ ही विदेशी कोषों की निकासी से आई है। इसी कारण 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स खुलते ही 226.7 अंक नीचे आकर 55,542.53 अंक पर पहुंच गया। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला निफ्टी 67.05 अंक फिसलकर 16,517.25 अंक पर खिसक गया। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, विप्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, टाटा स्टील और टाइटन के शेयर गिरे हैं जबकि एमएंडएम और एक्सिस बैंक के शेयर बढ़त के साथ ही कारोबार कर रहे थे। बाजार जानकारों के अनुसार इस सप्ताह उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आज




कारोबार के दौरान धातु , संपत्ति क्षेत्र के साथ ही हर क्षेत्र में दबाव देखने में आया है। इसके अलावा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार से संकेत मिले-जुले मिले हैं। अभी अमेरिकी बाजार लाभ के साथ ही हरे निशान पर हैं। इससे बाजार में उतार-चढ़ाव देखने में आया है। वहीं अन्य एशियाई बाजारों में टोक्यो, शंघाई और हांगकांग के बाजारों में तेजी आई जबकि अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए।

# टॉप 9 ऑटो कंपनियों की कमाई में हुआ इजाफा

### कुल बिक्री में 7 प्रतिशत और प्रॉफिट में 32 प्रतिशत का इजाफा

**नईदिल्ली** । मार्च महीने की तिमाही के आंकड़ों से पता चलता है कि धातुओं की कीमतों में बढ़ोतरी, सेमीकंडक्टर की कमी और कम मांग के बावजूद देश की टॉप 9 ऑटो कंपनियों की कुल बिक्री में 7 प्रतिशत और प्रॉफिट में 32 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च तिमाही में मारुति सुजुकी इंडिया, टीवीएस मोटर और अशोक लीलैंड के मार्जिन में हल्की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, टाटा मोटर्स, हीरो मोटोकॉर्प और महिंद्रा एंड महिंद्रा के मार्जिन में एस से दो फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। कुल मिलाकर देखें तो चौथी तिमाही में ऑटो सेक्टर के मार्जिन में थोड़ी बढ़त देखने को मिली है।दूसरी तरफ देखा जाए तो चौथी तिमाही में कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी और सेमीकंडक्टर की कमी की बावजूद मारुति सुजुकी के तिमाही मुनाफे में 57.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कंपनी ने इस दौरान अपनी कारों की कीमतें बढ़ाई हैं और निर्माण के प्रमोशन पर आने वाले खर्चे में कटौती की है, जिसका सीधा फायदा कंपनी को हुआ। इसी तरह चौथी तिमाही में बजाज ऑटो के मुनाफे में भी 10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, हालांकि, आय में 7 प्रतिशत की कमी आई है। कंपनी ने इस बारे में कहा कि उसे लगातार सप्लाय चेन की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।महिंद्रा एंड महिंद्रा की बात करें तो इसके स्टैंडअलोन मुनाफे में 427 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है और यह 1,292 करोड़ रुपये पर रहा है। दूसरी तरफ तिमाही आधार पर हीरो मोटोकार्प के मुनाफे में 28 फीसदी और आय में 15 फीसदी की कमी आई है। वहीं, इसी दौरान कंपनी के दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 24 प्रतिशत कम हुई है। कंपनी ने कहा है कि वित्त वर्ष 2023 की शुरुआत में कंपनी की स्थिति पटरी पर आ जाएगी। एनालिस्ट का कहना है कि कंपनी के कारोबार में फिर से ग्रोथ आने में थोड़ा लंबा वक्त लगेगा, क्योंकि इसके न्यू प्रोडक्ट लॉन्च में देरी हो रही है। वेंचुरा सिक्योरिटीज के विनीत बोलिंजकर का कहना है कि कंपनियों की ओर से हाल ही में बढ़ाई गई कीमतों की वजह से उत्पादन लागत बढ़ने का दबाव कुछ कम हुआ है।

# बड़े घरानों के एकाधिकार की वजह से छोटे रिटेलरों को हो रही हानि, कैट 1 जुलाई से शुरू करेगा अभियान

**नई दिल्ली** । देश के रिटेल एवं ई-कॉमर्स व्यापार में अत्यधिक दूषित वातावरण के मद्देनजर जिसमें एफएमसीजी, मोबाइल और अन्य अनेक व्यापार में बड़े कॉर्पोरेट घराने और वैश्विक ग्लोबल कंपनियों द्वारा एकाधिकार, वर्चस्व और प्रतिस्पर्धा-विरोधी कुरीतियों व्यापारिक प्रथाओं के चलते देश के छोटे व्यापारियों के व्यापार को भारी नुकसान हो रहा है। जिससे निपटने के लिए भारत के व्यापारिक समुदाय ने रिटेल व्यापार नीति और ई-कॉमर्स नीति को जल्द लागू करने के लिए सरकार पर दबाव बनाने के साथ-साथ सहकारी मॉडल पर क्लस्टर एवं कंसोर्टियम आधारित व्यापारियों के समूह कोआपरेटिव मॉडल के अंतर्गत बनाकर इस चुनौती का सामना किया जाएगा। व्यापारी जरूरत पड़ने पर अदालत का दरवाजा खटखटाने में भी संकोच नहीं करेगा। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आज आयोजित एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में जिसमें सभी राज्यों के 250 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने भाग लिया, ने यह निर्णय लिया। कैट ने 1 जुलाई, 2022 से इस मुद्दे पर एक 90 दिनों के राष्ट्रीय अभियान को चलाने का निर्णय लिया है। कैट ने इस अभियान के रोडमैप और कार्यनीति को अंतिम रूप देने के लिए 25 और 26 जून को नागपुर में दो दिवसीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया है। पहले चरण में, यह अभियान दिल्ली एनसीआर, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में शुरू किया जाएगा। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि बड़े कॉरपोरेट घरानों और ई-कॉमर्स कंपनियों ने देश के रिटेल व्यापार और ई-कॉमर्स व्यापार में प्रवेश किया है जो उनका मुख्य क्षेत्र नहीं है और उत्पादक कंपनियों के साथ सीधा संबंध कर वितरकों और खुदरा विक्रेता के लंबे समय से स्थापित सप्लाई चैनल को तोड़ने की कोशश कर रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, किराना, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल हैं जो इन कंपनियों की अनैतिक व्यापार प्रथाओं के चलते पीड़ति हैं जबकि अन्य ट्रेड वर्टिकल जैसे कपड़े, रेडीमेड गारमेंट्स, बिल्डर्स हार्डवेयर, पेपर और स्टेशनरी, कंप्यूटर और कंप्यूटर पेरिफेरल्स, खिलौने,दवाएं, उपहार की वस्तुएं, जूते-चप्पल जैसे कारोबार को भी भारी नुकसान हुआ है। अकेले एफएमसीजी क्षेत्र में करीब 4.5 लाख वितरक और 90 लाख खुदरा विक्रेता हैं।

## उर्वशी रौतेला ने मारी तमिल इंड्स्टी में एंट्री



बॉलीवुड में काम करने के बाद अब उर्वशी रौतेला तमिल इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं. उर्वशी ने बॉलीवुड में कई फिल्में की हैं लेकिन कोई भी बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई है. जिसकी वजह से उन्होंने अब तमिल इंडस्ट्री में कदम रखने का फैसला लिया है.उन्होंने अपनी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. हालांकि अभी तक फिल्म का नाम फाइनल नहीं हुआ है. उर्वशी अपनी पहली फिल्म के साथ इस इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फीस चार्ज करने वाली एक्ट्रेस बन गई हैं. उर्वशी रौतेला की इस फिल्म की बात करें तो यह एक बिग बजट फिल्म है. जिसमें वह एक आईआईटीयन के किरदार में नजर आएंगी. रिपोर्ट्स की माने तो इस फिल्म में उर्वशी के साथ एक्टर सरवनन नजर आने वाले हैं. वह हाल ही में मनाली में उनके साथ स्पॉट हुई थीं. रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म की शूटिंग अभी काफी बाकी है. उर्वशी रौतेला इस मेगा बजट फिल्म के लिए 10 करोड़ रुपये चार्ज कर रही हैं. उर्वशी तीसरी बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं जो फिल्म के लिए इतना चार्ज कर रही हैं. उर्वशी से पहले दीपिका पादुकोण और प्रियंका चोपड़ा साउथ की फिल्म के लिए सबसे ज्यादा चार्ज कर चुकी हैं. प्रियंका ने तमिल फिल्म तमीजान से अपना डेब्यू किया था वहीं दीपिका ने फिल्म कोचडीयान में रजनीकांत के साथ काम किया था. उर्वशी रौतेला तमिल के बाद तेलुगू इंडस्ट्री में भी कदम रखने जा रही हैं. वह फिल्म ब्लैक रोज से इस इंडस्ट्री में कदम रखेंगी. उर्वशी कुछ समय पहले अपनी इस खास फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर कर चुकी हैं. उर्वशी का फिल्म से लुक फैंस को बहुत पसंद आया है. हाल ही में उर्वशी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था. जिसमें नजर आ रहा था कि वह वार्डरोब मालफंक्शन की शिकार हो गई थीं. इस वीडियो में रैपर यो यो हनी सिंह को भी देखा जा सकता है. जिसमें वह अपना हिट नंबर 'लव डोज' पर डांस कर रहे हैं।

## फातिमा सना शेख ने अजीब दास्तांस में अपनी भूमिका का किया खुलासा

फातिमा सना शेख जल्द ही सीरीज अजीब दास्तांस में नजर आएंगी। वह शशांक खेतान निर्देशित सेगमेंट में जयदीप अहलावत अरमान राहलान के साथ हैं। इसमें पहली ऐसी कहानी है जो प्यार और रिश्तों को अपरंपरागत नजरिए से देखती है। वह कहती हैं कि वह



अपने किरदार लीपाक्षी से काफी अलग हैं। उन्होंने कहा, मेरा किरदार लीपाक्षी खुद से या इससे पहले मैंने जो कोई और किरदार निभाया है, उससे बहुत अलग है। मुझे लगता है कि मैं उसके जैसी बहादुर हूं, लेकिन सौभाग्य से मेरे अपने जीवन में प्यार है, जो इस लड़की के जीवन नहीं है। लीपाक्षी बहुत आक्रामक है और इसमें कोई संकोच नहीं है। दूसरी ओर, मैं संकोच से भरी हुई हूं। मेरा किरदार खेल खेलने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है, जबकि मैं ऐसी नहीं हूं। लीपाक्षी एक युवती है जो जयदीप अहलावत के किरदार से नाखुश शादी में फंसी हुई है। हमेशा प्यार और ध्यान के लिए होड़, उसके जीवन में एक नए पुरुष के प्रवेश के साथ एक अशांति आ जाती है। अजीब दास्तांस में एक साथ चार कहानियां हैं। ईर्ष्या, पात्रता, पूर्वाग्रहों और विषाक्तता सहित मानव भावनाओं की जटिलता का विश्लेषण इन कहानियों में हैं। इसके चार निर्देशक हैं- शशांक खेतान, राज मेहता, नीरज घेवन और कायोज ईरानी--और इसमें फातिमा सना शेख, जयदीप अहलावत, अरमान रहलान, इनायत वर्मा, अभिषेक बनर्जी, नुशरत भरुचा, कोंकणा सेन शर्मा, अदिति राव हैदरी, शेफाली शाह, मानव कौल और टोटा रॉय चौधरी हैं। अजीब दास्तांस नेटफ्लिक्स पर 16 अप्रैल को रिलीज होने के लिए तैयार है।

## करीना, करण जौहर, प्रतीक गांधी नए शो में दिखाएंगे अपना पाक कौशल

करीना कपूर खान, करण जौहर, प्रतीक गांधी, अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा जैसी बॉलीवुड हस्तियां स्टार वर्सेज फूड नामक शो में अपने पाक कौशल का प्रदर्शन करते नजर आएंगी। करीना ने कहा, कपूर्स के लिए खाना हमेशा से जुनून रहा है। कोई ऐसा तत्व है जो हम सबको एक साथ लाता है और ज्यादातर परिवारों की तरह किसी भी विशेष अवसर के लिए एक केंद्रबिंदु बन जाता है। अच्छा खाना हमेशा खुशी देता है और मुझे इतालवी खाना बहुत पसंद है। इसके लिए मैं अपनी गर्भावस्था के दौरान सबसे ज्यादा तड़पी थी। अभिनेत्री ने साझा किया कि इस शो ने वास्तव में उन्हें पिज्जा बनाने की कला को परफेक्ट करने का मौका दिया। फिल्मकार करण जौहर ने कहा कि वह कभी भी खाना पकाने को लेकर बहुत उत्सुक नहीं थे, लेकिन जब उनके बच्चे बड़े होने लगे।

## सुहाना ने ग्लैमरस मेकअप के साथ अपने क्लासी ब्लैक लुक को किया फ्लॉन्ट



बॉलीवुड के लोकप्रिय स्टार किड्स में शुमार शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर अपने डेब्यू से पहले ही सुर्खियों में हैं. स्टार किड सुहाना इस समय न्यूयॉर्क में है जहां वो अपनी एजुकेशन पूरी कर रही हैं और वहां अपने दोस्तों के साथ चालिटी बिता रही है, सुहाना अक्सर ऐसी तस्वीरें पोस्ट करती हैं जो उनकी लाइफस्टाइल की एक झलक देती हैं. उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर काफी सारी ऐसी तस्वीरें भरी पड़ी हैं, जिनमें उनका लुक काफी बेहतरीन नजर आ रहा है. हाल ही में, सुहाना एक शानदार अवतार में नजर आई. उन्होंने वहां से कुछ शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं. अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की गई तस्वीरों में वो एक टेबल पर बैठी हुई नजर आ रही हीं. इन तस्वीरों को देखने पर ऐसा लग रहा है जैसे उन्होंने इसके लिए पोज दिया हो. वो फोटो में कम नेक वाली काले रंग की ड्रेस में नजर आ रही हैं. इस ड्रेस के साथ उन्होंने अपनी कमर पर एक बेल्ट कैरी किया है. इसके साथ ही, सुहाना ने अपने ग्लैम लुक के लिए बहुत सारे हाइलाइटर और गहरे भूरे रंग की लिपस्टिक के साथ ग्लैमरस मेकअप का ऑप्शन चुना. उनके गले में एक 'ओम' लॉकेट समेत 2 अलग-अलग पेंडेंट भी आप देख सकते हैं. इसके अलावा उन्होंने अपने लुक को पूरा करने के लिए गोल्डन सैंडल पहना. अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए सुहाना ने अपने बालों को बड़े ही अच्छे तरीके से बांधा. सुहाना ने जो तस्वीरें खिंचवाई हैं, उनमें वो बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. इन फोटोज को देखकर उनके कई करीबी दोस्तों ने उन पर अपना प्यार बरसाया है. नव्या नवेली नंदा ने इन तस्वीरों पर कमेंट किया. उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा, ऊओओओ. जब से सुहाना न्यूयॉर्क के लिए रवाना हुई हैं, वो सोशल मीडिया पर कॉलेज में अपनी लाइफ की की तस्वीरें लगातार शेयर कर रही हैं. पिछले साल लॉकडाउन के दौरान उन्होंने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल को सोशल किया और फैंस को शॉक्ड कर दिया. तब से, वो तस्वीरें शेयर करने के लिए अपने सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल कर रही हैं।



## ईश्वर और अल्लाह को क्यों लड़वाएं?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भाजपा ने अपने प्रवक्ता और मीडिया सेल के प्रमुख के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तो की ही, अपने आधिकारिक बयान में उसने यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह भारत में प्रचलित सभी धर्मों के प्रति सम्मान की भावना रखती है। उस बयान में यह भी बताया गया कि उसके प्रवक्ता और मीडिया प्रमुख ने पैगंबर मुहम्मद और इस्लाम के बारे में जो कुछ भी कहा है, उससे वह सहमत नहीं है। भारत सरकार के प्रवक्ता ने कहा है कि भाजपा के इन कार्यकर्ताओं की टिप्पणी सनकीपने के अलावा कुछ नहीं है। भारत सरकार किसी धर्म, संप्रदाय या उसके महापुरुष के बारे में कोई भी निषेधात्मक विचार नहीं रखती है। भारत का संविधान सभी धर्मों को एक समान दृष्टि से देखता है। जरा खुद से आप पूछिए कि भाजपा और भारत सरकार को इतनी सफाइयां क्यों देनी पड़ गई हैं? इसका पहला कारण तो यह है कि इस्लामी देशों के सरकारें भाजपा के कार्यकर्ताओं की उन टिप्पणियों से बहुत नाराज हो गई हैं। सउदी अरब, ईरान, पाकिस्तान, कुवैत, बहरीन, कतर, ओमान आदि देशों की सरकारों ने न सिर्फ उक्त टिप्पणियों के भर्त्सना की है बल्कि इन देशों में भारतीय माल का बहिष्कार भी शुरु हो गया है। कोई आश्चर्य नहीं कि इन देशों में रहनेवाले भारतीयों का वहां जीना भी दूभर हो जाए। इस्लामी सहयोग संगठन ने संयुक्तराष्ट्र संघ से अपील की है कि वह भारत के विरूद्ध कार्रवाई करे। भारत में भी, खासतौर से कानपुर में भी इस मामले को लेकर भारी उत्पात मचा है। भाजपा के जिन दो पदाधिकारियों ने ये टिप्पणियां की हैं, उनका कहना है कि टीवी वाद-विवाद में जब शिवलिंग के बारे में भद्दी बातें कही गईं तो उसके जवाब में उन्होंने भी जो ठीक लगा, वह पैगंबर मुहम्मद और इस्लाम के बारे में कह डाला। लेकिन वे क्षमा-याचनापूर्वक खेद व्यक्त करते हैं। वे किसी का दिल नहीं दुखाना चाहते। लेकिन मेरा असली सवाल यह है और यह सवाल हिंदुओं, मुसलमानों, ईसाइयों और अन्य धर्मावलंबियों से भी है कि क्या वे सच्चे धार्मिक हैं? क्या वे सच्चे ईश्वरभक्त हैं? यदि हैं तो फिर किसी भी संप्रदाय की निंदा क्यों करना? सभी कहते हैं कि उनका धर्म, मजहब या संप्रदाय ईश्वर का बनाया हुआ है। क्या ईश्वर, अल्लाह, यहोवा, गॉड, अहुरमज्द अलग-अलग हैं? यदि आप उनको अलग-अलग मानते हैं तो आपको यह भी मानना पड़ेगा कि ये सब प्रकार के ईश्वर और अल्लाह मनुष्यों के बनाए हुए है। मनुष्य ही ईश्वरों और अल्लाहों को लड़ा देते हैं। क्या इसीलिए एक-दूसरों के धर्मों और महापुरुषों की निंदा की जाती है? दुनिया का कोई धर्मग्रंथ ऐसा नहीं है, जिसकी सब बातें आज भी मानने लायक हैं। सभी धर्मग्रंथों और सभी धार्मिक महापुरुषों में आप अत्यंत आपत्तिजनक दोष भी ढूंढ सकते हैं लेकिन उससे किसको क्या फायदा होनेवाला है? यदि हम सभी धर्मप्रेमियों और सारी मनुष्य जाति का हित चाहते हैं तो हमें सभी धर्मग्रंथों और धार्मिक महापुरुषों की सिर्फ सर्वहितकारी बातों पर ही ध्यान देना चाहिए।

## कहो तो कह दूँ- ये जालिम 'जीभ' ही तो है जो 'कमर' को 'कमरे' में बदल देती है

चैतन्य भट्ट

पतली कमर के बारे में कहा जाता है कि ये किसी भी महिला और पुरुष की खूबसूरती का आइना होती है, महिलाओं में तो विशेष तौर पर पतली कमर को उनकी खूबसूरती का सबसे बड़ा पैमाना माना जाता है इसलिए लोग बाग़ अपनी कमर को पतला रखने के लिए तमाम तरह के जतन भी करते हैं लेकिन ये भी सच्चाई है कि एक बार यादि कमर पर मांस चढ़ जाए तो हजार जतन कर लो फिर वो नहीं उतरता, इसलिए कोशिश ये ही रहती है की कमर पर मांस न चढ़ सके लेकिन ये जीभ भी तो बड़ी जालिम चीज है ऐसे ऐसे स्वाद ढूंढती रहती है और जब स्वाद के चक्कर में पनीर पकोड़ा आलू बंडा समोसा कचोरी खाओगे तो फ़ैट तो बनेगा और जब फ़ैट बनेगा तो वो सेट होने के लिए जगह ढूंढेगा और वो कमर का मुरीद हमेशा से ही रहा है, उससे बेहतर जगह उसे कोई नहीं दिखाई देती सो वंहा आकर जम जाता है वैसे भी पेट और कमर का चोली दामन का साथ है, एक बार पेट बढ़ा तो उसकी हमजोली कमर को बढ़ने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती द्य कमर तो कमर है उस पर तो कितने फ़िल्मी गीत भी शायरों और गीतकारों ने लिख मारे हैं मसलन कमर पतली नजर बिजली क़यामत से मेरी जॉ कम नहीं हो तुम तो दूसरा हीरो गाता है पतली कमर है तिरछी नजर है खिले फूल सी तेरी जवानी कोई बताये कहाँ कसर है इधर एक साहेब हीरोइन की कमर पर नजरे गड़ाए गाए जा रहे हैं कान में झुमका चाल में ठुमका कमर पे चोटी लटके हो गया दिल का पुर्जा पुर्जा लगे पचासी झटके तो एक महोदय कह रहे है धीरे रे चलो मेरी बांकी हिरनिया कमर न लचके हाय सजनिया अभी एक नई खबर है कि हरियाणवी डांसर सपना चौहान का जो नया वीडियो रिलीज हुआ है उसका तो शीर्षक ही है पतली कमर और दो घंटे में लाखों लोगो ने उसे देख लिया है अब आप खुद सोचो कि कमर का कितना इंपोर्टेंस है द्य आजकल हर जवान लड़का सिक्स पैक बनाने में जुटा है यानि कमर एकदम पतली, सीना चौड़ा और मांसपेशियां मजबूत ताकि जब वो अपनी कमीज उतारे तो उसके शरीर को देखकर लोग बाग़ दंग रह जाएँ ।आजकल इसका फैशन भी जम कर चल रहा है हर युवा सलमान खान और सोनू सूद की तरह अपना शरीर बनाना चाहता है अब सोचो कमर जब जीवन में इतनी महत्वपूर्ण है तो उसकी देखभाल करना ही चाहिए लेकिन हाल ही में जो एक सर्वे आया है उसमें बताया गया है कि अपने देश की आधी आबादी की कमर, कमरे में बदल गयी है यानि दोनों हाथ से उसकी कमर नापना चाहो तो भी नाप नहीं आता, इसमें भी महिलाओं ने बाजी मार ली है बावन फ़ीसदी महिलों की कमर मोटी है और अड़तालीस फ़ीसदी पुरषों की कमर मोटी हो चुकी है इसके कारण उन्हें डायबिटीज और हार्ट अटेक जैसे रोग होने लगे हैं,अपना मानना है कि अपने देश के लोगों को सबसे पहले तो अपनी जीभ को लपलपाने से बचाना चाहिए इधर जीभ लपलपाई और उधर कमर पर चर्बी चढ़ी इसलिए कमर को संभाल कर रखना इस देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी है कमर पर एक नए जोड़े के बारे में क्या लिखा है किसी शायर ने जिसमें पति अपनी नवविविता पत्नी के लिए कह रहा है रेशमी पर्दो से घर तो सजा लिया मैंने, मगर चाबियों की जिद है कमर तुम्हारी ही चाहिए

### पढ़ो लिखो और नौकरी करो

बीजेपी के राष्ट्री अध्यक्ष ने ये बयान दे कर कि हमारी पार्टी परिवारवाद के पूरी तरह खिलाफ है और अब उन नेता पुत्रों पुत्रिओं को टिकिट नहीं दी जायेगी जिनके



पिता राजनीति में आकर मंत्री, विधायक, सांसद बन गए हैं इधर नड्ढा जी ने ये कहा उधर हजारों नेता पुत्र, पुत्रियों, रिश्तेदारों की आँखों से आसुओं की धार बह निकली द्य कितने अरमान संजोये थे कि पापा या बाबूजी की राजनीति की विरासत को हम ही आगे बढ़ाएंगे अपने तमाम कार्यकत्ताओं के सर पर पैर रखकर टिकिट भी पा लेंगे विधायक भी बन जाएंगे और मौका लगा तो मंत्री की कुर्सी भी पा लेंगे, लेकिन पार्टी ने तय कर लिया कि जब हम परिवार वाद के खिलाफ केम्पेन चला रहे है तो हमें भी तो अपनी पार्टी में घुसे इस कीड़े को बाहर करना पडेगा, लेकिन अब उन मंत्रियों विधायकों सांसदों के बेटे बेटियों भाई भतीजों का क्या होगा जो इसी आशा में जी रहे थे कि बस अब वक्त आने वाला है जब बाप मंत्री है तो अपने को विधायक बनने से भला कौन रोक सकता है लेकिन दिल के अरमां आंसुओं में बह गए, हम पार्टी से वफ़ा करके भी तनहा रह गए समझ में नहीं आ रहा है कि पार्टी ये सब क्यों कर रही है अरे भाई नेता के घर यदि कोई पैदा हो गया तो उसमें उसका तो कोई दोष है नहीं, भगवान ने उनके घर भेजा तो वो आ गया और फिर जब बाप नेता हो मंत्री हो विधायक हो सांसद हो तो बेटे को किस बात की चिंता, सो न पढ़ना न लिखना, बस नेतागिरी करते हुए घूमते रहना, लेकिन अब एक बात समझ लो नेता लोगोंऔर उनके बेटे बेटियों अब एक ही काम बचा है कि पढ़ो लिखो, कॉम्पटेटिव एक्साम दो और जंहा कंही नौकरी मिले तत्काल से पेश्तर ज्वाइन कर लो इसके अलावा और कोई चारा भी नहीं है द्य बापों को ही ये सन्देश अपने बेटे बेटियों भाई भतीजों तक पंहुचा देना चाहिए, अपने को तो उन नेताओं की अभी से चिंता लग रही है जिनके बाप और बेटे दोनो मंत्री सांसद या विधायक हैं उनकी पत्ती कब कट जाए कहना मुश्किल है।

### हर दसवां पति पिट रहा है

ये सर्वे वाले भी पता नहीं क्या क्या सर्वे करते रहते हैं नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे में पता चला है कि देश का हर दसवां पति अपनी पत्नी से पिट रहा है अभी तो अपने को ये जानकारी थी की पति पत्नियों को पीटते है लेकिन इस सर्वे ने ये रहस्य खोल ही दिया कि बेचारा पति कितना निरीह प्राणी होता है, अब हर पति मन ही मन सोच रहा है कि उन दस पतियों की लिस्ट में अपना तो नाम शामिल नहीं है, लेकिन ये तो उसको ही पता है कि वो इस लिस्ट में शामिल है या नहीं, क्योकि बंद कमरे में होने वाली पिटाई के बारे में तो उसको ही जानकारी होगी हाँ एकाध मामले में पडोसी को भी पता लग जाता होगा कि भाई जी पिट रहे है जब उनकी आवाज पडोसी के कानों में जाती होगी कि अब बस करो आगे से ऐसा नहीं करूंगा माफ़ कर दो लेकिन उस के बदले में थप्पड की आवाज भी गूंजती होगी।


## इच्छाएं जीवात्मा को मोह से बांधे रखती हैं

इंद्रियां, मन और बुद्धि काम-वासना के निवास-स्थान कहे जाते हैं। इनके द्वारा ज्ञान को ढककर काम-वासना जीवात्मा को मोहित करती है। कामरूपी दुश्मन का नाश करने के लिए यह पता होना ज़रूरी है कि यह रहता कहां है। इसलिए कृष्ण कह रहे हैं कि काम-वासना किसी एक जगह नहीं रहती, बल्कि यह तो हमारे तीनों शरीरों- स्थूल, सूक्ष्म और कारण में निवास करती है। इसकी पकड़ बड़ी मज़बूत होती है, इसलिए इसका नाश करना बड़ा मुश्किल है। मिसाल के तौर पर जब काम-वासना इन्द्रियों में जगती है, तब इन्द्रियां बेकाबू हो जाती हैं। जब यह मन में जगती है तो दूसरे काम करते हुए भी मन में काम-वासना के बारे में ही ख्याल चलते रहते हैं। ऐसे वक्ति में दिमाग में केवल काम ही भरी रहती है और बुद्धि दूसरा निर्णय नहीं ले पाती। इसलिए हमारी चेतना की मुख्य जगहों इन्द्रियों, मन और बुद्धि में जैसे ही काम अपना बसेरा डालता है, वहां से ज्ञान गायब हो जाता है। यही वजह है कि बड़े-बड़े ज्ञानियों में भी जब काम उपजता है तो वह उनके ज्ञान को ढक लेता है। काम का मतलब यहां केवल काम-वासना से ही नहीं, बल्कि हमारी अन्य कामनाओं से भी है। कामनाएं या इच्छाएं जीवन भर इंसान का पीछा नहीं छोड़तीं और इस वजह से जीवात्मा का संसार को लेकर मोह बना रहता है।

## 'विश्वगुरू' को सीख देने का अक्षम्य अपराध....?

ओमप्रकाश मेहता

'चिटियों को पँख' आने की कहावत अब अमेरिका में चरितार्थ होती नजर आ रही है, अब वह प्रतिरक्षा संसाधनों को सिरमौर तो अपने आपको प्रदर्शित करता रहा ही है और अपने आपको विश्व की महान शक्ति निरूपित करता रहा है, किंतु अब उसने उन देशों को भी शिक्षा देने की जुर्रत की है, जो कभी 'विश्वगुरू' रहे है, इसका ताजा उदाहरण उसकी वह ताजा रिपोर्ट है जो उसने धार्मिक स्वतंत्रता के नाम पर जारी की है, जिसमें इस क्षेत्र में भी खुद को सर्वोपरी बताते हुए भारत सहित कई देशों की आलोचना की है। उसने अपनी हाल ही में जारी इस रिपोर्ट में लिखा है कि भारत में धार्मिक स्थलों पर हमले बढ़े है, जिसक कारण भारत में धार्मिक सौहार्द्र में काफी गिरावट आई है और भारत की मौजूदा सरकार हाथ पर हाथ रखे बैठी है। अमेरिका ने अन्तर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग 2021 की रिपोर्ट जारी की है, जिसमें कहा गया है कि वह दुनिया भर के लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए काम करता रहेगा, बड़े देशों के लोगों व धार्मिक स्थलों पर हमलों को लेकर अमेरिकी विदेशमंत्री एंटोनी क्लिंटन ने यह रिपोर्ट जारी की, रिपोर्ट में भारत के धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हमलों को लेकर निशाना साधा गया है, तो अल्पसंख्यकों व महिलाओं पर हमलों को लेकर पाक, अफगानिस्तान और चीन की आलोचना की गई है। हालांकि इस अमेरिकी रिपोर्ट पर भारत ने सख्त आपत्ती जताते हुए इसे अन्तर्राष्ट्रीय वोट बैंक की राजनीति करार दिया है, विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हमने अमेरिकी रिपोर्ट पर संज्ञान लिया है, दुर्भाग्यपूर्ण है कि अन्तर्राष्ट्रीय सम्बंधों में वोट बैंक की राजनीति की जा रही है, भारतीय विदेश मंत्रालयल ने अग्रह किया है कि एक तरफा जानकारी और पक्षपातपूर्ण विचारों के आधार पर आंकलन से बचा जाए।



यही नहीं, अमेरिका ने अपनी इस रिपोर्ट में विभिन्न गैर लाभकारी संगठनों (एनजीओ) और अल्पसंख्यक संस्थानों पर हुए हमलों को लेकर उनके आरोपों का उल्लेख भी किया है रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में पूरे साल अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के खिलाफ हत्या, मारपीट और धमकी के प्रकरण होते रहे, इनमें गायों की सुरक्षा को लेकर गोहत्या या बीफ के व्यापार के आरोपों के आधार पर गैर हिन्दुओं के खिलाफ हुए अपराध शामिल है। रिपोर्ट में संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान का भी उल्लेख किया गया है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत में हिन्दुओं और मुसलमानों का डीएनए समान है और लोगों के बीच धर्म के नाम पर भेदभाव नहीं किया जाना चाहिये। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने 12 सितम्बर को सार्वजनिक रूप से कहा था कि उ.प्र. में पिछली सरकारों ने सुविधाओं के वितरण में मुसलमानों का अधिक समर्थन कर उन्हें अधिक लाभ पहुंचाया था, उनका इशारा शायद समाजवादी व कांग्रेस की सरकारों की ओर था। अमेरिका ने अपनी इस रिपोर्ट में सिर्फ भारत की ही नहीं चीन, तालिबान और पाकिस्तान की भी जमकर धुलाई की। चीने के बारे में कहा गया कि वहां अन्य धर्मों के धर्मावलम्बियों को काफी परेशान किया जा रहा है, चीन उन अन्य धर्मो के लोगों अनुयायियों को परेशान कर रहा है, जिन्हें वह चीनी कम्युनिष्ट पार्टी के सिद्धांतों के खिलाफ मानता है इनमें तिब्बती, बौद्ध, इसाई, इस्लामी आदि के अनुयायी शामिल है। तालिबान की आलोचना वहां की महिलाओं और लड़कियों के कथित दमन के आधार पर की गई है, कहा गया है कि अफगानिस्तान में धार्मिक व स्वतंत्रता पूरी तरह खत्म कर दी गई है, महिलाओं व लड़कियों के शिक्षा व धर्म के अधिकार छीन लिए गए है। पाकिस्तान के लिए रिपोर्ट में कहा गया है कि वहां ईश निंदा पर मौत की सजा दी जा रही है, अकेले 2021 वर्ष के दौरान इस आरोप में 16 लोगों को फांसी पर लटकाया गया है। अमेरिका की इस रिपोर्ट को लेकर इन दिनों जहां पूरी विश्व के देशों में खलबली मची हुई है, वहीं भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका को भारत पर लगाए गए आरोप का तीखा जवाब दिया है, कहा गया है कि ''अमेरिका पहले अपने यहां की 'बंदूक संस्कृति' (गन कल्चर) को रोके, फिर दूसरों को नसीहत दे।'' भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारिक प्रवक्ता अरिन्दम बागची ने कहा कि एक स्वाभाविक रूप से बहुलवादी समाज के रूप में भारत धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों को महत्व देता है।

## घर में नहीं दाने...

### सूडोकु नवताल- 6094

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6093 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

सिद्धार्थ शंकर

पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई से हाय तौबा मची हुई है। गरीब जनता को आटा तेल तक नसीब नहीं हो पा रहा है। महंगाई के तेजी से बढ़ते ग्राफ से जनता को निजात दिलाने के बजाय पाकिस्तान ने आर्थिक तंगी के बीच अपना रक्षा बजट बढ़ाने का ऐलान किया है। रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी महंगाई के बीच पाकिस्तान ने अपने रक्षा बजट को 6 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। बजट को बढ़ाने का निर्णय पाकिस्तान की आर्थिक समन्वय समिति के द्वारा लिया गया है। रक्षा बजट में बढ़ोतरी का यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है जब महंगाई 64 सप्ताह के उच्चतम स्तर है। देश में हर दिन महंगाई बढ़ रही है। पेट्रोलियम उत्पाद के दाम इस कदर बढ़ चुके हैं कि आम जनता की पहुंच से वे पूरी तरह से दूर हो गए हैं। सरकार का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से खाली हो रहा है। अगर पाकिस्तान में ऐसे ही हालात आने वाले कुछ और महीने बने रहे तो कही श्रीलंका जैसे हालात पाकिस्तान में भी न देखने को मिले। पिछले महीने के आखिरी सप्ताह में पाकिस्तान में विदेशी मुद्रा के भंडार में 366 मिलियन डॉलर की बड़ी गिरावट देखने को मिली थी। पाकिस्तान में आर्थिक तंगी इस कदर बढ़ चुकी है कि अब देश के पास दूसरे देशों से आयात होने वाली वस्तुओं के लिए भी ज्यादा पैसा नहीं बचा है।



पाकिस्तान में प्रत्येक जवान पर सालाना खर्च 26.5 लाख रुपए है, जो भारत के खर्च का एक-तिहाई भी नहीं बैठता। ऐसे में 11.3 प्रतिशत की मुद्रास्फीति को लेने के बाद यह बढ़ोतरी 136 अरब रुपए की होनी चाहिए। मुद्रास्फीति को जोडऩे के बाद पाकिस्तान के सैन्य बलों को उनकी जरूरत से 53 अरब रुपए कम का ही आवंटन होगा। इन आंकड़ों के लिहाज से अगले वित्त वर्ष में पाकिस्तान का रक्षा बजट कुल व्यय का करीब 16 प्रतिशत बैठेगा। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सेदारी के हिसाब से यह मौजूदा साल के 2.54 प्रतिशत से घटकर 2.2 प्रतिशत रह जाएगा। भारत में रक्षा बजट की कुल राशि 5,25,166 करोड़ है, जिसमें 1.19 करोड़ पेंशन और 1.52 करोड़ की राशि रक्षा सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए रखी गई है। एक साल पहले के मुकाबले चालू वित्त वर्ष के लिए बजट में 11 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। इस साल फरवरी में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया था कि रक्षा अनुसंधान के मद में खर्च की जाने वाली 25 फीसदी राशि निजी उद्योगों, स्टार्टअप, अकादमियों को दी जाएगी। इसका मकसद देश के लिए जरूरी मिलिट्री प्लेटफार्म और उपकरणों के विकास के अलावा निर्माण देश में ही करना है। भारत की तरफ से पाक की हर नापाक हरकत और चाल का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। दूसरी ओर उसके जवानों को अफगानिस्तान की ताबिलानी फौजियों से भी कड़ी चुनौती मिल रही है। ऐसे में गले तक कर्ज में डूबा होने के बावजूद पाकिस्तान अपना रक्षा बजट बढ़ाकर खुद की सलामती का ख्वाब देख रहा है। कंगाली में जी रहे पाकिस्तान के पास न तो अरब देशों का कर्ज चुकाने को पैसा है और न ही देश में विकास कार्यों के लिए। कोरोना महामारी के बीच भी पाकिस्तान चीन की दी हुई वैक्सीन से काम चला रहा है लेकिन अभी तक उसने वैक्सीन खरीदी नहीं है। देश में गंभीर खाद्य संकट पैदा होने की चेतावनी दी जा रही है, इस तरह की तंगहाली में भी पाकिस्तान भारत से मुकाबला करने का साहस दिखा रहा है। बेहतर होता कि वह अपने नागरिकों की भलाई के लिए काम करता। अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के प्रयास करता। मगर भारत के साथ दुश्मनी में पाकिस्तान इस कदर अंधा हो चुका है कि वह अपना भला-बुरा सोचने की ताकत खो चुका है।

## गर्मी के अति बरवै छन्द

प्रो.शरद नारायण खरे

नभ पर रवि हिटलर है,देता आदेश।
ताप नित बरसता है,देने को क्लेश।।

दिन पर दिन देखो तो,बढ़ता है ताप।
लगता है मौसम अब,कोई अभिशाप ।

लपट-लू विचरते हैं,खुलकर के आज।
बस्ती में डर बैठा,गर्मी का राज।

हरियाली सूख गई,उजड़े हैं बाग़।
खग भी तो तपकर के,गये कहीं भाग।।

सता रही गर्मी अब,निकल रहे प्राण।
आतप ने मारे हैं,तीखे तो बाण।।

कुंये सभी सूख गये,नीर का अभाव।
सरिता में भी नहिं अब,पहले-सा ताव।।

गर्मी की सत्ता है,सूरज का ध्वंस।
मौसम तो बना हुआ,मानो हो कंस।।

ज़ोर से सताते हैं,मई और जून।
दुपहरी में सड़क पर,बिलकुल हो सून।।
सर्दी बिलखती आज,हँसता है ताप।
नीर उड़ता जा रहा,बनकर के भाप।।

किरणों ने गाया है,आतंकी गीत।
मानव हुआ पराजित,सूर्य गया जीत।।

बहता रोज़ पसीना,उड़ती है धूल।
देखो तो बाग़ों के,सूख गये फूल।।
बिजली के यंत्रों का,बढ़ा आज मान।
ठंडे ने पा ली है,बेहिसाब शान।।

तप रहे हैं नगर अब,तपे आज गाँव।
मिलती नहिं दूर-दूर,देखो तो छाँव।।
कोने में पड़े कहीं,आज तो लिहाफ।
ठंडे की विजय हुई,दिखता है साफ।।

सूरज है गुस्से में,बरसाता आग।
डँसता है हम हमको,मौसम का नाग।।

गरमी के मौसम में,बढ़ती है धूप।
घबराते हैं प्राणी, भय खाते भूप।।

# बच्चों को स्मार्टफोन की आदत से बचायें



आजकल बच्चों के पास स्मार्टफोन हैं जो उनके लिए मानसिक और शारीरिक रोगों का कारण बन रहे हैं। जिस तेजी से तकनीक आगे बढ़ रही हैं उसके खतरे भी बढ़ते जा रहे हैं। इससे बच्चों की आंखें कमजोर होने के साथ ही वह कई और बिमारियों के शिकार भी बन रहे हैं। आज के दौरा में मोबाइल और कम्प्यूटर के बिन जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। ऐसे में अभिभावकों को चाहिये किस वह बच्चों को स्मार्टफोन का इस्तेमाल जरुरी कामों को करने के लिए ही दें।

- आंकड़े के अनुसार माता-पिता के लिए बच्चों को स्मार्टफोन और टैब्लेट आदि के नियमित इस्तेमाल से रोकना कठिन होता जा रहा है।
- अगर आप अपने बच्चे के जिद करने पर उसे बड़ी आसानी से अपना स्मार्टफोन पकड़ा देते हैं, तो जरा सावधान हो जाएं क्योंकि बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन पकड़ाना किसी नशीली और जहरीली चीज पकड़ाने के बराबर है।
- एक हालिया अध्ययन में यह बात सामने आई है कि स्मार्टफोन की लत में फंसे बच्चे, जहां माता-पिता के साथ कम समय बिता रहे हैं, वहीं तकनीक उनके मानसिक विकास और दिमाग को कमजोर भी कर रही है। स्मार्टफोन का ज्यादा इस्तेमाल करने वाले बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा खत्म होने लगती है और उनमें फैसले लेने की क्षमता भी कमजोर पड़ जाती है। अध्ययन के दौरान पाया गया कि तकनीक के इस्तेमाल और फिजिकल एक्टिविटी में तालमेल न होने के कारण बच्चों का शारीरिक विकास भी प्रभावित हो रहा है। पाया गया है घंटों स्मार्टफोन पर समय बिताना अभिभावकों की चिंता का कारण बनता जा रहा है।



## बच्चों के विकास के लिए जरूरी है आयोडीन

*बच्चों के विकास के लिए जो चीजें जरूरी हैं, उनमें आयोडीन सबसे महत्वपूर्ण है। एक अध्ययन के अनुसार, लगभग 4.2 करोड़ भारतीयों में थायरॉइड हार्मोन का स्तर असामान्य है। यह भी संकेत दिया गया है कि दुनियाभर के थायरॉइड रोगियों में 21 प्रतिशत अकेले भारत से हैं। बच्चे के मस्तिष्क के विकास में आयोडीन की भूमिका अहम रहती है। इसकी कमी शरीर में कई रोगों को आमंत्रण देती है। आयोडीन की जरूरतें पूरी करने के लिए स्वस्थ और विविधतापूर्ण आहार की जरूरत होती है।*

### आयोडीन के कुछ अच्छे स्रोत

- **पनीर:** डेयरी उत्पादों में यह आयोडीन का सबसे समृद्ध स्रोत है। पनीर की दो किस्मों - चेड्डार और मोजरेला में यह खनिज अधिक होता है।
- **समुद्री शैवाल :** इस समुद्री भोजन में आयोडीन पाया जाता है। कैल्प आयोडीन का यह सबसे समृद्ध सीविड सोर्स है.
- **अंडे :** अंडे के योक में आयोडीन होता है।
- **दूध:** अध्ययन से पता चलता है कि 250 मिलीलीटर दूध में लगभग 150 माइक्रोग्राम आयोडीन होता है।
- दही: एक कप दही में करीब 70 माइक्रोग्राम आयोडीन होता है, यानी दैनिक जरूरत की करीब आधी मात्रा। यह पेट के लिए भी अच्छा है और कैल्शियम व प्रोटीन से भरपूर है।
- इन खाद्य पदार्थो के अलावा आयोडीन के कुछ अन्य अच्छे स्रोत हैं- केले, स्ट्रॉबेरी, हरी पत्तेदार सब्जियां, प्याज और मीठे आलू, अनाज, नट्स और मूंगफली, जौ वगैरह।

# बच्चों के गले में मौजूद जीवाणु बन सकते हैं खतरा



बच्चों के गले में किसी खास बैक्टीरिया की मौजूदगी हड्डी और जोड़ों के संक्रमण का संकेत दे सकती है। इस बैक्टीरिया के कारण बच्चों के चलने-फिरने पर तो बुरा प्रभाव पड़ ही सकता है, साथ ही साथ मौत का खतरा भी हो सकता है। बच्चों के गले में किसी खास बैक्टीरिया की मौजूदगी हड्डी और जोड़ों के संक्रमण का संकेत दे सकती है। इस बैक्टीरिया के कारण बच्चों के चलने-फिरने पर तो बुरा प्रभाव पड़ ही सकता है, साथ ही साथ मौत का खतरा भी हो सकता है।

एक नए अध्ययन में अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि बच्चों के गले में पाए जाने वाला बैक्टीरिया %किंगेला किंगे% हड्डियों एवं जोड़ों में होने वाले संक्रमण से जुड़ा है। इससे पहले माना जाता था कि अधिकतर संक्रमण स्टेफेलोकोकस, स्ट्रेप्टोकोकस और हेमोफीलस इंफ्लूएंजा टाइप बी बैक्टीरिया की वजह से होता है। तब इनका इलाज लंबे समय तक एंटीबायोटिक चलाकर या सर्जरी से किया जाता था।

पिछले कुछ साल में बेहद संवेदनशील तकनीकों के कारण इन संक्रमणों के लिए जिम्मेदार बैक्टीरिया की सटीक पहचान संभव हो सकी है। शोधकर्ताओं ने छह माह से चार साल तक के 77 बच्चों का अध्ययन किया। इन्हें हड्डी या जोड़ संक्रमण के संदेह के चलते भर्ती कराया गया था। इनमें से 65 बच्चों को पक्के तौर पर हड्डी या जोड़ों का संक्रमण था।उन्होंने पाया कि चार साल से कम उम्र के जिन बच्चों में हड्डी या जोड़ों का संक्रमण पाया गया था, उनमें से अधिकतर बच्चे किंगेला किंगे बैक्टीरिया से संक्रमित थे।


# बच्चे भी हो रहे हाई बीपी से पीड़ित

आरामदायक जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर भोजन के कारण आजकल छोटे बच्चे भी उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) से पीड़ित हो रहे हैं। एक रिपोर्ट में सामने आया है कि प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में लगभग 23 प्रतिशत बच्चे उच्च रक्तचाप (बीपी) की समस्या से पीड़ित हैं।

उच्च बीपी वाले 23 प्रतिशत बच्चों में से 13.6 प्रतिशत में सिस्टोलिक हाइपरटेंशन देखने को मिला, वहीं 15.3 प्रतिशत में डायस्टोलिक हाइपरटेंशन और 5.9 प्रतिशत में दोनों ही देखने को मिले हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि बचपन में हाई बीपी से वयस्क होने पर हृदय रोगों की शुरुआत होने का खतरा रहता है। मोटापे से ग्रस्त या अधिक वजन वाले बच्चों में अगर समय पर जांच और उपचार न हो तो स्थिति खतरनाक हो सकती है। वहीं विशेषज्ञों के मुताबिक, आजकल के बच्चे जीवन के शुरुआती चरण में ही विभिन्न प्रकार के जंक फूड के संपर्क में आ जाते हैं। यह खाद्य पदार्थ दुकानों व घरों में लंबे समय तक रखे रहते हैं, जिसके लिए उनमें अत्यधिक मात्रा में नमक और चीनी मिलाई जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। वहीं इसकी जगह ब्राउन शुगर, गुड़ और पाम शुगर का सेवन करना चाहिये।



जो चावल हम आज इस्तेमाल करते हैं, वह भी अत्यधिक परिष्कृत या प्रोसेस्ड होता है और केवल 90 मिनट में ही पच जाता है। इससे ग्लूकोज के स्तर में वृद्धि होती है और हमें अक्सर भूख लगती रहती है, जिससे दिन में बार-बार कुछ खाते रहने की इच्छा बनी रहती है। साथ ही हाइपरटेंशन को बार-बार ऊंचे होते रक्तचाप के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो 90 मिमीएचजी से ऊपर 140 तक पहुंच जाता है। इससे हृदय रोग और स्ट्रोक हो सकता है, जो भारत में मृत्यु के दो प्रमुख कारण हैं. बच्चों में शुरुआत से ही अच्छे पोषण संबंधी आदतें विकसित करना महत्वपूर्ण है। छोटी उम्र से ही पर्याप्त शारीरिक गतिविधि तय करना हर बच्चे के विकास का एक समान रूप से महत्वपूर्ण पहलू है। जीवनशैली की बीमारियों की रोकथाम शुरू होनी चाहिए। स्कूल अपने छात्रों के जीवन को सही दिशा देने में मदद कर सकते हैं और बचपन में मोटापे के खिलाफ लड़ाई में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बचपन की स्वस्थ आदतें आगे के स्वस्थ जीवन की नींव रखती हैं। हेल्थ एक्सपर्ट ने सुझाव देते हुए कहा, बच्चों में शुरू से ही खाने की अच्छी आदतों को प्रोत्साहित करें। उनके पसंदीदा व्यंजनों को सेहत के लिए उचित तरीके से बनाने का प्रयास करें। कुछ बदलावों से स्नैक्स को भी स्वास्थ्यप्रद बनाया जा सकता है। कैलोरी से भरपूर भोजन से बच्चों को दूर ही रखें। उन्हें ट्रीट देने में हर्ज नहीं है, लेकिन संयम के साथ और वसा, चीनी व नमक की मात्रा का ध्यान रखते हुए। बच्चों को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का महत्व समझाएं। उन्होंने कहा, हर दिन कम से कम 60 मिनट तक मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि में शामिल करें। एक जगह बैठे रहने की आदत को कम करें. पढ़ना एक अच्छा विकल्प है, इसलिए स्क्रीन पर अधिक समय न बिताएं। बच्चों को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल या कम्प्यूटर से हटाकर कुछ आउटडोर गतिविधियों में लगा दें।




# बच्चा नहीं सुनता तो अपनाएं ये तरीके

आजकल मोबाइल और विडियो गेम में लगे बच्चे अभिभावकों की बातें नहीं सुनते जिससे उनकी परेशानी बढ़ जाती है। यह केवल एक मां की कहानी नहीं है बल्कि कई मां ऐसी परेशानियों का सामना रोज करती हैं। उन्हें कोई रास्ता नजर ही नहीं आता कि वे अपने बच्चों से कोई बात कैसे मनवाएं, वे क्या करें कि उनके बच्चे उनकी बात सुनने लगें।



### 1-बच्चे का ध्यान खींचिए

क्या आप चाहती हैं कि आपका बच्चा आपकी सुनें? तो सबसे पहले उनका अटेंशन पाने की कोशिश करिए। जब वे आप पर ध्यान देंगे तभी आपकी बात सुन पाएंगे। आपकी बात उनके लिए केवल एक आवाज है, आप क्या कहती हैं, उससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। तो सवाल उठता है कि आप अपने बच्चों का अटेंशन कैसे पाएंगी?जब आप अपने बच्चे से कुछ कह रही हों तो बैकग्राउंड में किसी भी तरह का शोर नहीं होना चाहिए। टीवी, म्यूजिक, वीडियो गेम्स, खिलौने आदि को हटा दें। बच्चों से दूर से नहीं बल्कि उनके पास जाकर अपनी बात कहें। जब वे आपसे बात कर रहे हों तो आप जो काम कर रही हैं, उसे छोड़ दें और ध्यान से उनकी बात सुनें।

### 2-स्पेसेफिक रहें

आपको जो बात कहनी है, उसी पर रहकर बात करें। बहुत ज्यादा लंबे वाक्य और बड़े-बड़े शब्दों का इस्तेमाल ना करें। घुमा-फिराकर बात ना करें और सरल और सीधे शब्दों में उनसे अपनी बात कहें। कई बार बच्चों को इसलिए भी आपकी बातें याद नहीं रहती हैं क्योंकि आपने बहुत लंबा निर्देश दिया था और उनके दिमाग से आपकी बात निकल गई।

### 3-उनसे पूछें नहीं बल्कि बताएं

अगर आप चाहती हैं कि आपका बच्चा आपकी बात माने तो उनसे पूछे नहीं बल्कि कहें।

### 4-वक्त और सब्र

अधिकतर स्कूलों में टीचर्स वेट टाइम के कॉन्सेप्ट में यकीन रखते हैं। जब आप अपने बच्चे से कुछ कहें तो उन्हें कम से कम 7-8 सेकेंड का समय दें ताकि वे आपकी बात समझ सकें। इसी ट्रिक से बच्चे स्कूल में बातें मानते हैं। कुछ बच्चों को इससे ज्यादा समय लग सकता है। अगर आपका बच्चा तुरंत जवाब नहीं देता है तो जरूरी नहीं है कि वह आपकी बात को नजरअंदाज कर रहा है। वह यह सोच रहा होता है कि उसे क्या और कैसे जवाब देना है। इस वक्त में आप चिल्लाने ना लग जाएं। उन्हें थोड़ा सा टाइम दें।

### 5-बच्चों को विकल्प दें

सभी बच्चे हर निर्देश का पालन करने वाले नहीं होते हैं। जब आप उन्हें कुछ कहने के लिए कहती हैं तो वे आपकी बात मानने से इनकार कर देते हैं और विद्रोही हो जाते हैं। खासकर जब वे टीनेज में पहुंचते हैं।आप उन्हें विकल्प दीजिए।

22 जनवरी ईएमएस फीचर

# पत्रकार से अभद्रता के मामले में प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ सीएम हाउस के बाहर देगा धरना

## चिंतन बैठक में हुआ फैसला प्रशासन पर पक्षपात का लगाया आरोप पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल मिलेगा पुलिस अधीक्षक से ग्वालियर






**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर विशेष रूप से आए दिन हो रहे पत्रकारों पर हो रही घटनाओं को लेकर विशेष चर्चा की गई बैठक में प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र पबैया के द्वारा कहा गया कि मैं अपने संगठन के हर सदस्य जो कि राष्ट्रीय पदाधिकारी से लेकर कार्यकारिणी सदस्य तक जुड़ा हुआ है उस पर कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई घटना या कोई विपत्ति आती है तो मैं उसके साथ अपनी आखिरी सांस तक खड़ा रहूंगा एवं पत्रकार के हितों के लिए लड़ता रहूंगा उन्होंने बैठक से बोलते हुए प्रशासन को चेताया कि ग्वालियर विश्वविद्यालय थाना के अंतर्गत एक वीडियो वायरल हुआ वीडियो में सब इस्पेक्टर रूद्र पाठक द्वारा पत्रकार को अश्लील गाली देते नजर आ रहा थे जिस पर प्रशासन ने सुस्त रवैया अपनाते हुए उस वीडियो को अनदेखा कर दिया जात के नाम पर आज दिन तक कोई कार्यवाही नहीं हुई इस पर प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ ने सख्त रुख अपनाया है और प्रशासन को चेतावनी दी है कि जल्द प्रकरण में कार्रवाई नहीं हुई तो प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ मुख्यमंत्री निवास के बाहर करेगा प्रदर्शन अगर किसी भी पत्रकार के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसके जिम्मेदार शासन प्रशासन के अधिकारी होंगे बैठक में ग्वालियर शहर से पधारे हुए पत्रकारों के द्वारा अपनी अपनी राय रखी जिससे पत्रकारों पर आए दिन हो रहे घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके बैठक का संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी शैलेंद्र कुशवाहा जी के द्वारा किया गया बैठक के उपरांत प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ मैं नवीन सदस्यों को सदस्यता दिलाकर उनके पद एवं उनको दायित्व सौंपा नवनियुक्त पदाधिकारियों में भरत सिंह चौहान राष्ट्रीय महामंत्री राजा नल शर्मा राष्ट्रीय प्रचार मंत्री शैलेंद्र सिंह कुशवाह राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह परिहार राष्ट्रीय महासचिव रमेश सिंह कुशवाह राष्ट्रीय महामंत्री राजकुमार भदोरिया राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव झा राष्ट्रीय संगठन मंत्री संतोष सिंह भदोरिया प्रदेश उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह राजावत प्रदेश महासचिव परमाल सिंह तोमर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रश्मि चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर प्रदेश देश मंत्री बृजेश चतुर्वेदी राष्ट्रीय मंत्री पुष्पेंद्र तोमर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित शर्मा जिला संगठन मंत्री हरिनारायण शर्मा जिला प्रचारक संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम नारायण पटेल एव राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मुरारी सिंह राजपूत के द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया एवं उनसे आशा की गई कि आपके द्वारा किए गए कार्यो एवं आपके सहयोग से संगठन को उन्नति एवं गति मिलेगी ऐसी हम आशा करते हैं चिंतन बैठक में प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के पदाधिकारियों के रूप में सत्येंद्र सिंह भदौरिया राष्ट्रीय सचिव दीपक जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन शर्मा प्रदेश सचिव अरविंद नरवरिया प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल गोयल संभागीय अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी सम्भागीय कोषाध्यक्ष धानेंद्र लोधी हेमंत किरार पुष्पेंद्र किरार, तहरिओम पाराशर अमित शर्मा एवं प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे बैठक का आभार ग्वालियर जिला अध्यक्ष अशोक सोनी के द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि हम सभी अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों से प्राप्त मार्गदर्शन के द्वारा ग्वालियर जिला इकाई की टीम को लेकर यूं ही साथ चलते रहेंगे जिससे संगठन अपनी ऊंचाइयों पहुचे और पत्रकारों के हित में कार्य करता रहे

## श्रीमती श्वेता दिवाकर पत्नी श्री राजेश दिवाकर (पूर्व सांसद,हाथरस) को धर्म रक्षा संघ की महिला शाखा

**हरिनिवस दुबे ब्यूरो चीफ**

**मथुरा।** धर्म रक्षा संघ महिला शक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया।संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने लक्ष्मी निकुंज वृन्दावन में एक समारोह में श्रीमती श्वेता दिवाकर को पटका ओढ़ाकर प्रमाण पत्र प्रदान किया। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष *सौरभ गौड़* ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि श्रीमती श्वेता दिवाकर राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं को संगठित कर धर्म रक्षा संघ को मजबूती प्रदान करेंगी। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक *आचार्य बद्रीश जी महाराज* ने कहा कि श्रीमती श्वेता दिवाकर अनेक सामाजिक संगठनों में अपना नेतृत्व एवं सेवाएं प्रदान कर अपनी योग्यता का परिचय देती रही हैं। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीदास प्रजापति ने कहा कि श्रीमती श्वेता दिवाकर अत्यंत मृदुभाषी, लोकप्रिय, व्यबहार कुशल, कर्मठ, ऊर्जावान, संगठनकर्ता, सेवाभावी, विदुषी एवं धार्मिक महिला हैं। धर्म रक्षा संघ महिला शक्ति की नव मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती श्वेता दिवाकर ने कहा कि ठाकुर श्री बाँकेबिहारी जी महाराज की कृपा और संतो के आशीर्वाद से मुझे जो दायित्व सोंपा गया है उसे मैं मन,वचन और कर्म से निष्ठापूर्वक पूरी ईमानदारी के साथ पूर्ण करने का तथा धर्म रक्षा संघ की धर्म ध्वजा को सम्पूर्ण भारतवर्ष में फहराने का प्रयास करुँगी। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय मार्गदर्शक महंत मोहिनी बिहारी शरण,राष्ट्रीय प्रभारी महामंडलेश्वर स्वामी रुद्रदेवानंद जी महाराज, संघ की महिला शक्ति जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलम गोस्वामी,महिला शक्ति की नगर अध्यक्ष श्रीमती शशि शुक्ला, बृजकिशोर पचौरी, रविकांत गौतम, डा.अभिषेक शर्मा आदि ने मंगलकामनायें देते हुए हर्ष व्यक्त किया।



## एक साल शिक्षा के नाम अभियान से अब दिल्ली छात्रावास दूर नहीं।

### सीरवी समाज भवन मय छात्रावास दिल्ली के लिए लोगों में भारी उत्साह

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा ब्यूरो चीफ**



**पाली –** श्री आईमाता मंदिर जाडन पाली की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर धर्मगुरु माधवसिंह दीवान साहब के सानिध्य में आयोजित धर्मसभा में नशा मुक्ति एवं समाज सुधार अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक गोपाराम पंवार ने समाज में प्रचलित मादक पदार्थों यथा अफीम व डोडा पोस्त की खुले आम विभिन्न आयोजनों में मनुहार को नशा मुक्त भारत निर्माण अन्तर्गत सरदारसंमद परगना की तरह ही सभी प्रकार के आयोजनों में बन्द करने की समझाईस करते हुए अपील की गई। सरदारसंमद परगना क्षेत्र में किसी भी अवसर यथा मोत मृतक, शादी समारोहों आदि आयोजनों पर अफीम आदि की मनुहार बिल्कुल नहीं की जाती हैं।साथ ही प्रस्तावित सीरवी समाज भवन मय छात्रावास दिल्ली की स्थापना को लेकर एक साल शिक्षा के नाम अभियान जो कि नव वर्ष वि. स. 2079 दि. 02.04.2022 को बिलाड़ा में धर्मगुरु दीवान साहब के करकमलों से प्रारंभ किया गया था, पिछले एक माह से अधिक समय में जन जागरण हेतु किये गये प्रयासों की जानकारी दी इसमें अबतक 60 महानुभावों द्वारा 70.00 लाख रूपये से अधिक की घोषणाऐं प्राप्त हुई है। छात्रावास निर्माण समाज की संस्था अखिल भारतीय सीरवी समाज दिल्ली के द्वारा अखिल भारतीय सीरवी समाज के सहयोग से किया जा रहा है, की भी विस्तृत रूपरेखा से छात्रावास निर्माण समन्वयक गोपाराम पंवार द्वारा सभी को अवगत करवाया गया। दिल्ली में छात्रावास के लिए राशि संकलित करने हेतु अखिल भारतीय सीरवी समाज स्तर पर कोई भी व्यक्ति, संस्था, परगना व बडेर/ट्रस्ट सहित भामाशाह व दानदाता अधिकतम सीमा तक अपना योगदान दे सकते है।

आयकर के तहत 80त्र की सुविधा भी सहयोग करने वालों के लिए उपलब्ध हैं, इस अवसर पर अधिक से अधिक महानुभावों को सहयोग देने हेतु प्रेरित करने की अपील भी की।सम्पर्क के दोरान दिल्ली छात्रावास को लेकर लोगों में भारी उत्साह व उमंग देखने को मिला



## जीतो महिला विंग द्वारा पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर–** रविवार जीतो महिला विंग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कृपा लविंग एनिमल्स केंगेरी में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने पौधारोपण किया ।साथ हि जीतो महिला विंग की टीम एवं मधु देशी ने पौधारोपण किया । इस अवसर पर महेंद्र मुणोत ने बताया कि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस की तरह मनाया जाता है । ये एक उत्सव की तरह होता है ।इस दिन पर्यावरण के संरक्षण के लिए जगह-जगह-जगह वृक्षारोपण किया जाता है ।वृक्षारोपण की जिम्मेदारी हम सब की है ।हम इस धरती को बचाने के लिए आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ व साफ प्राण वायु मिल सके। इसके लिए इस धरा को पेड़ पौधे लगाकर सुरक्षित करना होगा

## विश्व पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने लगाए पौधे

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर–** रविवार दिनांक 5 जून 2022 को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर कमला राजा कन्या महाविद्यालय ग्वालियर की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने अपने अपने घरों पर रहकर पेड़ पौधे लगाए और अपने विचार ग्रुप में फोटो नारे लिखकर और वीडियो के माध्यम से साझा की।कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एमआर कौशल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला,डॉक्टर संगीता सोमवंशी ने भी पौधे लगाकर स्वयं सेविकाओं का मनोबल बढ़ाया।इस अवसर पर आरती, भानुप्रिया, अनामिका, स्नेहा, भारती, भूमि, अंचल ,प्रतिभा, प्रियल, कमला, सपना, आयुषी, खुशबू, सोनाली, स्वेता, प्रिंसी, वर्षा, ज्योति, दीपिका,रूबी, पूनम धाकड़,हिमांशी, कनिष्का, प्रीति,पल्लवी,दिव्यांशी,रानी, संगीता,,सलोनी,खुशी,अंकिता,रोशनी,नीतू रोशनी भदौरिया,स्वयं सेविकाओं ने बड़ी संख्या में अपनी भागीदारी दी और पर्यावरण को हरा-भरा रखने का एक अनमोल प्रयास किया।



## पेड़ लगाकर करें पर्यावरण की सुरक्षा, तभी होगी जीवन की सुरक्षा- कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी–** प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की अवधारणा को अपनाया गया और अब प्रत्येक वर्ष पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है।



इस अवसर पर जिले में कई स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने अन्य अधिकारियों के साथ वेयरहाउस कॉरपोरेशन परिसर, वैष्णवी गोदाम, राधिका वेयरहाउस, कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर सहित शिवपुरी क्लब में वृक्षारोपण किया।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा है कि पेड़ लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा करें, तभी जीवन की सुरक्षा होगी। पेड़ हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। ऑक्सीजन जीवन की प्राणवायु है इसलिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाएं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सभी प्रयास करें क्योंकि हम सभी मिलकर पर्यावरण को सहेजने का प्रयास करेंगे तभी पर्यावरण सुरक्षित रहेगा

## उत्कृष्ट विद्यालय की एनएसएस इकाई ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

### शुद्ध प्राणवायु और पर्यावरणीय संतुलन के लिए जरूरी है,पौधारोपण -प्राचार्य चौहान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पर्यावरण संरक्षण की शपथ कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर ने दिलाई। प्रकृति के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।1974 से यह लगातार मनता आ रहा है।इस वर्ष 2022 की विश्व पर्यावरण दिवस की थीम % केवल एक पृथ्वी % (ऑनली वन अर्थ) रखी गई है।हमे हर हालत में पृथ्वी को प्रदूषित होने से बचाना है,तभी इस गृह पर जल,वायु और जीवन संभव है।यह बात प्राचार्य पो एस चौहान ने उत्कृष्ट विद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने आगे कहा आज पॉल्यूशन इस कदर बढ़ गया है कि शहरों में सांस लेना भी दूभर हो गया है। शुद्ध प्राणवायु और पर्यावरणीय संतुलन के लिए पौधारोपण जरूरी है।



कार्यक्रम से पहले स्वयं सेवकों ने विद्यालय परिसर,खेल प्रांगण एवं सरस्वती मंदिर की साफ सफाई की।गाजर घास एवं अन्य खरपतवार को इकट्ठा कर एक जगह संग्रहित किया गया।इसके बाद फूलदार पौधे रोपे गए।कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलवाया और कहा सबसे ज्यादा प्लास्टिक,पॉलिथिन,कीटनाशक, केमिकल्स और एसी आदि के प्रयोग से पर्यावरण दूषित होता है।अतः हम इन चीजों के प्रयोग से बचें और अन्य लोगों को भी पर्यावरण के प्रति सचेत करें।साल में विभिन्न उत्सव और पर्वों पर पौधे लगाकर उनकी देखवाल की परंपरा डालें।

इस अवसर पर उच्च माध्यमिक शिक्षक उपेंद्र भदौरिया,संजीव सिंह कुशवाह,सतेंद्र भदौरिया, सहित ओपी सोनी, स्वयंसेवक उदय प्रजापति,अनूप हरिऔध,हर्ष पंडित ,स्वेता राजावत,हर्षित यादव, आरती वर्मा,स्नेहा, सौम्या गुप्ता,संतोष, नीरज यादव, हर्ष,अभिषेक बघेल,सूरज,शिवम राठौर,शिवम जैन आदि मौजूद रहे।

# आई माताजी वडेर जाडन में अखंड ज्योत की हुई स्थापना

**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली** –जाडन कस्बे में श्री आई माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समाज के धर्मगुरु दीवान माधव सिंह , साधु संतों के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ मंगल मुहूर्त में पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुई । वडेर में माताजी की स्थापना व अखंड ज्योति की स्थापना पंडित रतन लाल तिवारी जाडन व पंडित जवनारायण बोरनदी के मंत्रों का उच्चारण और पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुई समाज को संबोधित करते हुए मारवाड़ जंक्शन पूर्व विधायक वह कार्यक्रम अध्यक्ष समाज के लोग अपने पुश्तैनी धंधा हल छोड़कर सेठ बन गए हैं । उनका काम अच्छा चल रहा है । यही कारण है की ईमानदारी व लगन से कार्य करने पर लक्ष्मी अपने आप बरसने लगती है । उन्होंने विधायक चौधरी की बात को जायज मानते हुए इस दायमा , पूर्व सरपंच लक्ष्मण सेन , खींवाराम चौधरी खारड़ी , सुनील सीरवी धाकड़ी , पुनाराम भावल , भवानी सिंह रावणा राजपूत , तेजाराम सीरवी बागावास , नायब तहसीलदार दयाराम




सुधार का साफा व माला पहनाकर बहुमान किया गया । महिला नृत्य व महिला वॉलिंटियर्स का दीवान साहब द्वारा अपने पास सामूहिक फोटो खिंचवा कर आशीर्वाद दिया । दोपहर से शाम 4.30 बजे तक महा प्रसादी का आयोजन किया गया । जिसमें 36 कौम के लोगों ने महा प्रसादी ग्रहण किया । संचालन प्रधानाचार्य खींवाराम चौधरी ने किया । केसाराम चौधरी ने अपने उद्बोधन में समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए दीवान ने शिक्षा के विषय पर संबोधित करते हुए पर गहन विचार का आश्वासन दिया । साहब को आगे आने का आग्रह किया । साथ ही कई सालों से समाज में चुनाव नहीं हुए हैं तथा अध्यक्ष के लिए चुनाव करवाए जाने की अपील की । पंचों के द्वारा पंचायती खत्म समाज जाइन के चौटाला पंचों द्वारा दीवान साहब का साफा बंधवा कर नजराना भेंट किया। तथा बाबा मंडली व संतो को दक्षिणा प्रदान की । कहा कि हाल में कहीं जगह सीरवी समाज के छात्रावास बने हुए हैं । उन्होंने कहा कि दीवान साहब द्वारा एक साल शिक्षा के नाम अभियान चलाया जा रहा है । जिसके तहत उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए दिल्ली में छात्रावास बनाने की योजना है । जिसमें आईएस आईपीएस जैसे छात्र रहकर अपनी शिक्षा पा सके । इस अवसर पर कोटवाल लखाराम , जमादारी दलाराम वर्फा , अध्यक्ष मांगीलाल काग , तेजाराम देवड़ा , सचिव बाबूलाल अगलेचा , ताराराम काग , कोषा अध्यक्ष भंवरलाल देवड़ा , भवरलाल काग , होने के कारण समाज में जो कुरीतियां फेल रही है उसके लिए दीवान साहब को बीड़ा उठाने का आग्रह किया । भाजपा नेता सुनील चौधरी ने कहा कि मनुष्य जीवन बड़ा ही दुर्लभ है । यह 84 करोड़ योनियों में भटकने के बाद मुश्किल से मिलता है । उन्होंने कहा कि हमें तीन ऋण चुकाने जरूरी है । माता पिता , दूसरा दान पुण्य सदा तीसरा शिक्षित होकर समाज की सेवा करना । गोपाराम सीरवी दीवान माधव सिंह ने कहा कि सर्वप्रथम माता पिता की सेवा उसके बाद सुबह माताजी के दर्शन कर अपना कार्य आरंभ करने से बहुत लाभ मिलता है । हाल में कई जगह माताजी के मंदिरों की स्थापना हो रही है । इस अवसर पर सीरवी समाज के चौटाला के कोटवाल , जमादारी , सीरवी समाज के बाहर से आए सरपंच , जनप्रतिनिधि तथा संत गणपत पुरी मठ , बाबा मंडली बिलाड़ा , भगवान गिरी खिंवाड़ा , डॉक्टर कैलाश चौधरी , डॉक्टर रूपाराम चौधरी , जाडन पुलिस चौकी प्रभारी राजेंद्र चौधरी , वीरम राम , दीपाराम पिपलिया कला , रतनलाल राठौड़ , गोपाराम काग , गोपाराम पवार , सरपंच पूनम उपाध्यक्ष भुडाराम काग , गणेशराम चोयल , सचिव बृजमोहन काग , भवरलाल चोयल , सहा कोषाध्यक्ष देवाराम काग , गणेशराम काग , गैर मंडल अध्यक्ष सुरेश चोयल , गैर मंडल उपाध्यक्ष लालाराम काग ने मेहमानों को साफा माला में मेले सा माहौल रहा । मोहल्लों में गलियों में पहनाकर मोमेंटो भेंट किया ।





## शौचालय के नाम पर आवंटित राशि को डकार गए ठेकेदार

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**विजयपुर।** अपने अजब गजब कारनामों के लिए विख्यात जनपद पंचायत विजयपुर में एक और नया मामला प्रकाश में आया है जिसमें हितग्राही को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को भी बिल्डिंग मटेरियल विक्रेता हजम कर गए है। भाजपा मंडल विजयपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती ममता गर्ग ने आरोप लगाया है कि विजयपुर नगर के सेमई रोड़ पर स्थित कैलादेवी ट्रेडर्स के संचालक द्वारा शौचालय निर्माण हेतु मिलने वाली शासकीय प्रोत्साहन राशि को अपने खाता क्रमांक 2764002100001067 इनका कहना है पंजाब नेशनल बैंक विजयपुर में जमा कर शासकीय धन का गबन किया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत शासन के यह निर्देश है कि पात्र हितग्राही द्वारा शौचालय निर्माण करवाने के पश्चात प्रोत्साहन राशि रूपये 12000 (बारह हजार) सम्बन्धित हितग्राही के खाते में पालन न करते हुए प्रोत्साहन राशि कैलादेवी ट्रेडर्स के संचालक के बैंक खाते में किस आधार पर जमा करायी गई है? मैने पंचायत दर्पण से कुछ बिल निकाले जिनमें मुझे यह अनियमितता देखने को मिली यह तो एक नमूना मात्र है। अगर इनके द्वारा योजना के शुरू होने के बाद से प्रस्तुत किए गए बिलों का अवलोकन कराया जाया तो इस प्रकार के और मी बिल मिलने की संभावना है। यह मामला शासकीय धन का गबन होकर गंभीर वित्तीय अपराध की परिधि में आता है। शौचालय की प्रोत्साहन राशि हितग्राहियों को ना देते हुए दुकानदार ने अपने खाते में डाली मैंने इसकी शिकायत जनपद सीईओ विजयपुर एवं कलेक्टर जमा की जाये किन्तु आपके कार्यालय द्वारा उक्त नियम का श्योपुर से की है।

## तहसीलदार के रीडर को दस हजार की रिश्वत के साथ रीडर को पकड़ा कार से रुपए जब्त



**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

भिंड ज़िले में भ्रष्टाचार चरम पर पहुँच रहा है यही वजह है कि एक के बाद एक लोकायुक्त की कार्रवाइयाँ यहाँ देखने को मिल रही हैं ख़ासकर ज़िले के गोहद में हालत सबसे ज़्यादा खराब हैं. सोमवार दोपहर भी अचानक ग्वालियर लोकायुक्त की टीम ने गोहद तहसीलदार कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार के रीडर को दस हजार रुपए रिश्वत के साथ गिरफ़्तार किया है. कार्रवाई करने पहुँची लोकायुक्त की टीम ने रीडर मनीष शर्मा द्वारा टुडीला गाँव रहने वाले फरियादी नेतराम कुशवाह से 15 हज़ार रुपए की रिश्वत की माँग की थी. कार्रवाई करने आए लोकायुक्त अधिकारियों ने बताया की फरियादी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गयी थी की उनकी ज़मीन गोहद तहसील के टुडीला गाँव में स्थित है लेकिन उसके बँटवारे के लिए उन्होंने आवेदन दिया था लेकिन लम्बे समय तक काम को अटका कर रखा गया. इसके बाद एंडोरी नायब तहसीलदार के रीडर मनीष शर्मा द्वारा उनसे बँटवारा कराने को लेकर 15 हज़ार की रिश्वत की माँग की गयी. पीड़ित ने मामले की शिकायत ग्वालियर लोकायुक्त से की जिस पर टीम ने वॉइस रिकॉर्डर के ज़रिए आरोपी रीडर को ट्रैप करने का प्लान बनाया. तय रणनीति के तहत फरियादी नेतराम कुशवाह गोहद पहुँचा और आरोपी से बातचीत की जिसके बाद आरोपी रीडर ने उसे अपने साथ कर में बैठाया और उसके कुछ समय बाद कार से उतार दिया इसी बीच उसने 10 हज़ार रुपए फरियादी से कार में ही रखवा दिए. जिसके बाद लोकायुक्त ने ट्रैप करते हुए रीडर को गिरफ़्तार कर लिया. गौरतलब है की रीडर की गिरफ़्तारी के समय तहसीलदार कोर्ट में काफ़ी भीड़ थी ऐसे में कोर्ट परिसर में इकट्ठा भीड़ विरोध करने लगी लोकायुक्त निरीक्षक राघवेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि जब लोगों ने विरोध किया तो हमने पूरा घटनाक्रम लोगों को बताया की किस तरह रीडर घूस की माँग कर था था इसके बाद किसी ने विरोध नही किया

## स्टेट फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर्स (राजपत्रित) एसोसिएशन मध्यप्रदेश ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

स्टेट फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर्स (राजपत्रित) एसोसिएशन मध्यप्रदेश÷ के द्वारा प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के दिनांक 5 जून 2022 को ÷विश्व पर्यावरण दिवस÷ के उपलक्ष्य में संरक्षक महोदय अमित सोनी द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के वनक्षेत्रपाल साथियों से पर्यावरण उन्नयन में योगदान हेतु अपने-अपने कार्यक्षेत्र व निवास मुख्यालय में 1-1 पौधा रोपण करने की अपील की गई। इसी तारतम्य में संयोजक राजेन्द्र चौहान के समन्वय में एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल अहिरवार, उपाध्यक्ष संजय राजपूत, सुश्री कर्ष्णिा वर्मा, रविकांत जैन व श्रीमती अनामिका चौपडे़, सचिव रामसिंह पटेल, सह-सचिव



रविन्द्र पाटीदार व श्रीमती प्रियंका बाथम, कोषाध्यक्ष श्री रज़नीश शुक्ला, प्रवक्ता श्री मुकेश कुमार डुबे व श्री प्रवेश पाटीदार एवं समस्त व्रत/जिला प्रभारी व अध्यक्षों द्वारा अपने वनक्षेत्रपाल साथियों के साथ अपने-अपने कार्यक्षेत्र/निवास मुख्यालय में रहकर पौधारोपण कर पर्यावरण दिवस को सफलतापूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर समस्त वनक्षेत्रपाल साथियो में सकारात्मक उत्साह व ऊर्जा के प्रसार को देखकर भविष्य में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने का नवाचार किया गया ।

एसोसिएशन के सभी रेंजर साथियों से अनुरोध किया है कि कार्यकारिणी के द्वारा आगामी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसी प्रकार कार्यकारिणी का मनोबल बनाए रखें । समस्त वनक्षेत्रपाल मज़्प्रज़ वन विभाग के साथियों को एसोसिएशन की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनायें प्रेषित की गई।

## पीएम नरेंद्र मोदी के 8 वर्ष की विशेष उपलब्धियां अंत्योदय मिशन के साथ गरीब मजदूरों के विकास के लिए आत्मनिर्भर बना रही है : आभा जैन

### सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए मोदी की सरकार की रही प्रमुख विशेषताएं

### भाजपा महिला मोर्चा ने जिले के सभी मंडलों में चौपाल लगाकर भारत सरकार की योजनाओं पर हितग्राहियों से की चर्चा.

**संतोष सिंह भदौरिया**

**भिण्ड/**भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के आव्हान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को 8 वर्ष सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए पूर्ण रूप से समर्पित रहा



जिन्होंने गरीब मजदूर और किसानों झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब तबके लोगों एवं सर्व समाज के विकास के लिए अनेकों योजनाओं को संचालित करते हुए भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा से जुड़ा है द्य उपरोक्त उद्गार महिला मोर्चा द्वारा आयोजित महिलाओं की चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती कृष्णकांता तोमर ने मंडल में पहुंचकर ने व्यक्त किए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती कृष्णकांता तोमर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने महिलाओं के लिए उज्वला योजना प्रधानमंत्री आवास योजना आयुष्मान भारत कार्ड योजना तथा शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को विशेष योजनाओं के साथ आगे बढ़ने का मौका दिया है । हम समस्त बहनें जागृत होकर योजना का लाभ लें और अपने गांव वालों को दिला कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ताकत ही मजबूत देते हुए आगे बढ़ने का आशीर्वाद दें । भाजपा महिला मोर्चा की आयोजित चौपालों में भारत सरकारऔर मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं के साथ-साथ गांव के लाभान्वित हुए हितग्राहियों से योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा बच्चों को बिस्कुट के पैकेट भी वितरित किए द्य उज्जवला योजना के तहत को गैस कनेक्शन प्रदान किए गए और सभी मातृशक्ति ने मोदी और शिवराज के योजना की प्रशंसा की।

## अब ऐप के द्वारा भी बुलाई जा सकेगी 108 इमरजेंसी एंबुलेंस

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** इमरजेंसी एंबुलेंस 108 के जिला मेनेजर भागवत शर्मा के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अब भिंड में इमरजेंसी में एक्सीडेंट, डिलीवरी और अन्य तमाम सुविधाओं के लिए संचालित संजीवनी 108 और जननी एक्सप्रेस वाहन को अब ऑनलाइन बुक किया जा सकेगा।इसके लिए ऑनलाइन एप लॉन्च किया गया है इसे एंड्राइड मोबाइल यूजर्स गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं

भिंड जिले के 108 एंबुलेंस के जिला मैनेजर भागवत शर्मा के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दरअसल अभी तक इमरजेंसी में 108 बुलाने के लिए कॉल सेंटर पर सूचना देनी होती थी इसके बाद संबंधित कॉल सेंटर वाला लोकेशन की 108 या जननी वाहन को भेजता था अब जब हर व्यक्ति के पास मोबाइल है और सोशल मीडिया यूजर्स भी हैं ऐसे में आसानी से मोबाइल ऐप के माध्यम से यह इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी,बीते दिनों में इसे प्रदेश स्तर पर भी लॉन्च किया गया




है,जिले में भी इसे लागू कर दिया गया है,हालांकि लोगों को इसकी जानकारी नहीं होने से दिक्कत हुई है लेकिन लोग इसे अब उपयोग कर रहे हैं बता दें कि नए सिरे से हुए टेंडर में छत्तीसगढ़ की जे ए ई एस(जय अंबे इमरजेंसी सर्विस )को यह काम दिया गया है जिले में कुल 29 गाड़ियां इमरजेंसी एंबुलेंस 108 के लिए दी गई है इसमें से कुछ जननी सुविधा के लिए है गाड़ियों से आज हम तमाम क्षेत्रवासियों को शीघ्र अति शीघ्र सुविधा उपलब्ध कराना चाह रहे हैं

### एक बड़ा सवाल इमरजेंसी में कैसे मैनेज करेंगे

हालांकि ऐप से काफी कुछ आसान हो जाएगा लेकिन अभी तक आसानी से कॉल करने पर भी कई बार एंबुलेंस के मिलने में या सीधा संपर्क होने से दिक्कत आती रही है अब इमरजेंसी में मोबाइल ऐप से सूचना देना प्रैक्टिकली संभव नहीं हो सकता वही गांव में जो लोग मोबाइल का उपयोग नहीं करते हैं और उन्हें यदि दिक्कत हुई तो भी ऐप को लेकर दिक्कत हो सकती है हालांकि विभागीय स्तर पर इसको लेकर जागरूकता फैलाई जा रही है जिससे कुछ हद तक सुधार की उम्मीद है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशीयों में अलग उत्साह

## निकिता भरत कालबेले ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 से भरा नामांकन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशी अलग ही उत्साह में नजर आ रहे हैं। वहीं पुर्व में लगातार नामांकन पत्र दाखिल किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 07 से निकिता भरत कालबेले ने प्रस्तावक खेमचंद दानी एवम प्रस्तावक ललित कबीरे के साथ अपना नामांकन दाखिल किया है। नामांकन के पश्चात निकिता भरत कालबेले ने कहा है कि यह सिर्फ जिला पंचायत का चुनाव नही है बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता की सम्मान की लड़ाई है और इस लड़ाई को हम सब मिलकर लड़ेंगे हम झूठे वादे करने में विश्वास





नहीं रखते हम पूरे 5 साल जनता के साथ मिलकर काम करने का विश्वास विश्वास दिलाते है निश्चित रूप से हम सभी मिलकर विकास की गति को नए आयाम देंगे।

## नेहल तुमेश्वर गौतम ने समर्थकों के साथ जमा किया नाम निर्देशन पत्र

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022-23 के दूसरे चरण में लांजी क्षेत्र में चुनाव सम्पन्न होना है, जिसके लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया जारी है। इसी के चलते पांचवे दिन 3 जून को जिवनारा कुम्हारीकला पंचायत के पुर्व सरपंच तुमेश्वर गौतम के पुत्र नेहल गौतम ने अपने समर्थकों के साथ ग्राम पंचायत भवन साडरा पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र जमा किया। आपने चर्चा में बताया कि उनके पिता द्वारा विगत वर्षो में ग्राम के विकास के लिए अनेक कार्य किये गये है एवं आगे भी ग्राम के बेहतर विकास के लिए पुन~ ग्राम की जनता अनुभव एवं ग्राम के विकास को देखते हुये मौका देगी। इसी आशा के साथ सरपंच पद के लिए पर्चा दाखिल किया है।

## नामांकन का अंतिम दिन होने से नामांकन केंद्रों पर तैनात गोहद चौराहा पुलिस

### नामांकन करने आए प्रत्याशी तथा उनके समर्थकों से किया थाना प्रभारी ने वार्तालाप

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** पंचायत चुनाव में नामांकन भरने का आज अंतिम दिन होने से थाना गौहद चौराहे के नामांकन केंद्र डाकबंगला बिलखडी व माध्यमिक विद्यालय बिलखड़ी में काफी भीड़ भाड़ रही इस दौरान थाना



गोहद चौराहा पुलिस ड्यूटी पर मुस्तैद रही । नामांकन भरने आए उम्मीदवार तथा उनके समर्थकों तथा ग्रामीणों से बात करते हुए थाना प्रभारी गोहद चौराहा निरीक्षक रविंद्र शर्मा ने कहा कि प्रत्येक उम्मीदवार तथा उनके समर्थकों को कराया जाएगा बाउंड ओवर जो भी बाउंड ओवर का उल्लंघन करेगा, लड़ाई झगड़ा करेगा,किसी भी प्रकार कि अवैधानिक गतिविधियों में भाग लेगा उसके विरुद्ध 122 ष्ह्श्क्ष्ष के तहत कार्यवाही की जा कर जेल भेजा जाएगा । थाना प्रभारी गोहद चौराहा द्वारा चुनाव प्रक्रिया के दौरान अवैधानिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत भी उपस्थित लोगों को दी गई तथा किसी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि देखने पर तत्काल थाना गोहद चौराहा तथा गोहद चौराहा थाना प्रभारी को सूचित करने हेतु सभी को अपना मोबाइल नंबर आवंटित किया । थाना प्रभारी गोहद चौराहा की दो टू बात चुनाव में किसी प्रकार की अवैधानिक गतिविधियों पर लिप्त होने पर होगी सख्त कार्यवाही ।

# रमण के दौरान जल अपव्यय मिलने पर निगमायुक्त ने नागरिकों से की जल का अपव्यय न करने की अपील





ग्वालियर। शहर की साफ सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने एवं निरंतर मॉनीटरिंग के लिए निगम के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरंतर मॉनीटरिंग की जा रही है तथा विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर कर्मचारियों के साथ आमजनों को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

इसी के तहत आज सोमवार को निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने न्यू रेशन मिल क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आमजन द्वारा सडक पर पानी फैलाकर सडक को धोई जा रही थी। जिस पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने पानी का महत्व समझाते हुए पानी न फैलाने की आमजन से अपील की। इसके साथ ही साफ सफाई के बारे में पूछा।

### शीघ्र प्रारंभ करें निगम की प्रयोगशाला

साथ ही उन्होंने फूलबाग से किला गेट तक किए जा रहे सड़क निर्माण के कार्य को पैदल चलकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सडक बनाते समय उसकी गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही फूलबाग स्थित नगर निगम की प्रयोगशाला को पुनः दो दिन में शुरू करने के निर्देश दिये और कहा कि प्रयोगशाला के शुरू होने से सड़क निर्माण कार्यो की सभी जांच यंही हो सकेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022

### पेड न्यूज पर नजर रखेगी एमसीएमसी

ग्वालियर। नगरीय निकायों के निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज पर नियंत्रण के लिए सभी जिलों और राज्य स्तर पर मीडिया सर्टीफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जरूरी निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को जारी कर दिये गए हैं। महापौर और पार्षद पद के अभ्यर्थियों के लिए निर्वाचन व्यय सीमा निर्धारित की गयी है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि जिला निर्वाचन अधिकारी जिलों में पेड न्यूज से संबंधित प्रतिदिन आने वाले प्रकरणों और उन पर एमसीएमसी द्वारा लिये गए निर्णय की जानकारी निर्धारित प्रारूप में नियमित रूप से राज्य निर्वाचन आयोग को भेजेंगे।

**जिला स्तरीय एमसीएमसी के कर्त्तव्य**

यदि कोई राजनैतिक दल या अभ्यर्थी यदि कोई विज्ञापन प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया (टीवी, केबिल नेटवर्क, सिनेमा हाल, रेडियो) पर प्रकाशित/प्रसारित कराना चाहता है तो उसे निर्धारित प्ररूप (परिशिष्ट 'क') में आवेदन करना होगा। समिति द्वारा अनुमोदित/यथा संशोधित विज्ञापन का ही प्रकाशन एवं प्रसारण हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि आदर्श आचार संहिता के किन्ही भी प्रावधानों का उल्लंघन ऐसे विज्ञापन/प्रसारण से नहीं होना चाहिए। पंजीकृत राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थी को प्रस्तावित प्रकाशन/प्रसारण के दिनांक से 3 दिन पूर्व तथा अपंजीकृत राजनैतिक दल एवं अन्य आवेदक को 7 दिन पूर्व आवेदन करना होगा। समिति द्वारा प्रस्तुत ऐसे आवेदन पत्र का निराकरण दो कार्य दिवस के भीतर किया जायेगा एवं निर्धारित प्रारूप में आवेदक को समिति के निर्णय से अवगत कराया जायेगा।

### त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन -2022

**जिला स्तरीय अधिकारियों को व्ही. सी. के माध्यम से प्रशिक्षण 8 जून को**

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को 8 जून को अपरान्ह 4 से 6 बजे तक व्ही.सी. के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। अधिकारियों को पीठासीन अधिकारी एवं अन्य मतदान अधिकारियों की भूमिका एवं कर्त्तव्य और मतपेटी से निर्वाचन की प्रक्रिया और मतदान दिवस की व्यवस्था के संबंध में प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में जिले के निर्वाचन अधीक्षक (स्थानीय निर्वाचन), मास्टर ट्रेनर्स और नोडल ऑफिसर (प्रशिक्षण) शामिल होंगे। आयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, जिला/ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनर्स तथा अन्य अधिकारी/ कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित करेंगे।

### मतदाता जागरूकता के लिये चलाएँ अभियान कलेक्टर श्री सिंह

**अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में निर्वाचन एवं सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा**

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन एवं नगरीय निकाय निर्वाचन के लिये अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें। आदर्श आचार संहिता का पालन स्वयं भी करें और अपने अधीनस्थों को भी पालन करने के निर्देश दें। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। प्रति सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित होने वाली अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में निर्वाचन के साथ-साथ अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री इच्छित ग?पाले सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा है कि सीएम हैल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। एल-1 स्तर पर ही शिकायतों का निराकरण हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल वितरण व्यवस्था पर भी सतत निगरानी रखी जाए। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में पानी की समस्या न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में निर्वाचन की चर्चा के दौरान यह भी निर्देशित किया है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### मुनिश्री के पनिहार स्थित जैन अतिशय श्री आदिश्वर धाम जैन मंदिर प्रवचन हुए

**सर्वप्रथम इंसान को इंसानियत की जरूरत है-मुनिश्री मुनिश्री को शास्त्र भेंट किया। समाजजनो ने मुनिश्री की आहराचार्य कराई**



ग्वालियर-ऱ्इंसान को इंसानियत की जरूरत है, क्योंकि यह बात सत्य है कि जब तक मानव में इंसानियत नहीं आएगी। तब तक भगवत गुणों का प्रकट होना अंसभव होता है। इसलिए सर्वप्रथम इंसान को इंसानियत की जरूरत है। एक सधाा इंसान कैसा होना चाहिएड़ कैसे गुण हमारे अंदर आना चाहिएड़ वे कैसे आए इस विषय में मानव की सोच जाना चाहिए। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने आज सोमवार को पनिहार स्थित जैन अतिशय श्री आदिश्वर धाम जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि वे इंसान कोई अलग से नहीं आते इंसान ही भगवान बनता है। यह तभी संभव होगा। जब व्यक्ति के अंदर इंसानियत के गुण, दृष्टि सबके हित में प्रवृत हो तभी से उसमें महानता आना प्रारंभ हो जाती है। मुनिश्री ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अहंकारी नहीं संस्कारी बनना चाहिए। क्योंकि जिस प्रकार से अहंकार जीवन का नाश कर देता है और फुटपाथ पर लाकर खड़ा कर देता है। उसके विपरीत जो मुनष्य संस्कारी बनकर अपने जीवन में धर्म, दान-पुण्य का काम करता है, उसके जीवन का कल्याण हो जाता है। इसलिए अहंकार छोड़ संस्कारी बनों तो होगा जीवन सफल होगा। मुनिश्री के चरणों श्रीफल मंदिर के गुलजारी लाल जैन, राजेश जैन लाला, विपुल जैन, अजय जैन, विपिन जैन, आदि ने भेंटकर आशीर्वाद लिया। मुनिश्री ने अभिषेक व शांतिधारा कराई। मुनिश्री को किया शास्त्र भेंट। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज ने भगवान आदिनाथ का अभिषेक मंत्रो के साथ कलशों में जल लेकर जैन समाज के समाजजनो ने पीले वस्त्रों धारण कर जयकारों के साथ किए। मुनिश्री ने अपने मुख्यबिंद से शांतिधारा कराई गई। वही जैन समाज।के लोगो ने मुनिश्री को जिनावाणी शास्त्र भेंटकर मंगल आशीर्वाद लिया। मुनिश्री की आहराचार्य जैन समाज के लोगो ने ग्वालियर से पहुँचाकर संपन्न कराई। मुनिश्री ने कहा कि अधिकांश देखने में आता है कि मनुष्य किसी काम को बिना सोचे समझे ही करने के लिए चल पड़ता है। इससे उसको आगे जाकर नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए जो भी काम करें, उसके बारे में सबसे पहले जानें। इससे नुकसान भी नहीं होगा। उन्होंने कहा व्यक्ति मन का दास बना हुआ है। मन के अनुसार ही अपने सारे काम करता है। मन के कारण व्यक्ति संसार में भटक रहा है, क्योंकि आत्मा का विनाश करने वाले पंचेंद्रियों के विषय है और विषय मन के द्वारा होते है। जो मन को मुखिया मानते है। वह चाहे तो इसी मन के द्वारा अच्छे कार्य कर सकते हैं। चाहे इसी मन के द्वारा किसी की निंदा कर सकते है।

### निगम चुनाव राजनीति की सबसे बडी पाठशाला-शेजवलकर

ग्वालियर। आज भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर की कार्यसमिति की बैठक एक निजी होटल में संपन्न हुई जिसमें अपने विचार रखते हुए सांसद विवेक शेजवलकर ने कहा कि निगम चुनाव देखने में भले ही छोटा है, लेकिन ये अपने आप में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। केंद्र और राज्य की सरकारें सिर्फ योजनाओं को बनाकर स्थानीय निकाय को भेजती हैं लेकिन उन योजनाओं का क्रियान्वयन कराने का कार्य स्थानीय सरकार का होता है। इस अवसर पर मंच पर उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, सहप्रभारी अरूण चतुर्वेदी, मुन्नालाल गोयल आदि मौजूद थे। इस अवसर पर उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि चुनाव में हम बूथ जीते तो हम सब जीत जाएंगे। इस समय हम सबको ऐसा माहौल बनाना है कि हमारे ज्यादा से ज्यादा पार्षद चुनाव जीतकर आएं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने कहा कि छोटे चुनाव में लोगो की ज्यादा अपेक्षा रहती है। यह सभी काम जमीनी स्तर से करना चाहिए। मंडल अध्यक्ष की इस चुनाव में बड़ी भूमिका रहती है। वरिष्ठ नेता, पार्षद और महापौर यह एक राजनीतिक पाठशाला है। इसमें हम जितने अच्छे लोग पहुंचाने का प्रयास करेंगे उतना ही अच्छा परिणाम हमें मिल सकता है। सहप्रभारी अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि हमारे कार्यक्रम चुनाव के कारण नहीं रुकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य है की हम चुनाव जीते। विश्व योग दिवस पर प्रत्येक मतदान केंद्र पर योग शिविर लगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से तैयारी करना है।

### भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा सभी मंडलों में चलाया गया सफाई अभियान

ग्वालियर। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण कार्यक्रम पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा सभी मंडलों में सफाई अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन-2022

# सुव्यवस्थित ढंग से चलाएं मतदाता जागरुकता अभियान




### बैठक लेकर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

ग्वालियर। नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी के लिए व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इस सिलसिले में अपर कलेक्टर श्री इच्छित गड़पाले ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर प्रभावी ढंग से मतदाता जागरूकता अभियान SENSE (सिस्टमेटिक एज्यूकेशन नर्चरिंग एण्ड सेन्सटाइजेशन ऑफ इलेक्टोरेट) चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों से कहा गया कि हमारे प्रयास ऐसे हों, जिससे लोग मतदान के प्रति जागरूक हों और इस बार के चुनाव में मतदान प्रतिशत बड़े। अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से चलाने पर बल दिया गया। साथ ही कहा गया कि मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग के लिये कैंपस एम्बेसडर भी नियुक्त किए जाएं। निष्पक्ष स्वच्छ एवं गैर राजनैतिक छवि वाले लोगों को ही कैंपस एम्बेसडर के लिये चयनित करें।

# घर के पुराने मटकों में बनाई जा रही है होम कम्पोस्टिंग खाद



ग्वालियर। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वच्छता में नवाचार के लिये नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न नये प्रयोग कर अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाकर आमनागरिकों को नवाचार के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में नवाचार से संबंधित कार्यों के लिए एवं वार्ड स्तर पर आम जनों के घर से अनुपयोगी वस्तुओं को एकत्र कर उनको पुनः उपयोग हेतु बनाने के लिये निगम द्वारा कई नवाचार किये जा रहे हैं। जिसके तहत वार्ड क्रमांक 60 के डब्ल्यूएचओ श्री धर्मेन्द्र धीरज धोलपुरिया ने पुराने मटको का उपयोग होम कंपोस्टिंग मटका खाद प्लांट के रूप में उपयोग कर नया प्रयोग किया है। उनका कहना है कि घरों में खाद बनाने की बडी समस्या रहती थी अब आसानी से घरों में भी वेस्टेज मटकों से खाद बनाई जा सकेगी और उस खाद का उपयोग घमलों मे लगे पौधो को देने में कर सकते हैं।

### केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने पिछडा वर्ग के लिए चलाई हैं अनेकों जनकन्याणकारी योजनाएं-शेजवलकर



ग्वालियर। समाज का पिछड़ा वर्ग राष्ट्र के विकास में सहभागी बने इस हेतु सरकार ने पिछड़े वर्ग के लिए उत्थान एवं कल्याण हेतु देश नरेंद्र भाई मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सरकार ने अनेकों योजनाएं प्रारंभ की। पिछड़े वर्ग का नौजवान, युवक एवं युवती आत्मनिर्भर हो इस हेतु सरकार ने स्टार्टअप योजना एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने का सफल प्रयास किया है। पिछड़े वर्ग के परिवार स्वस्थ हो और उनको आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े इस हेतु सरकार ने आयुष्मान योजना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति पांच लाख रूपए तक इलाज मुफ्त में कराने की व्यवस्था की है इसका लाभ समाज का प्रत्येक वर्ग ले रहा है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी की आयुष्मान योजना की चर्चा एवं सराहना संपूर्ण विश्व में की जा रही है। उक्त उद्गार सांसद विवेक शेजवलकर ने आज सोना गार्डन ,चार शहर का नाका ,वार्ड ऑफिस के सामने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ग्वालियर महानगर एवं ग्वालियर ग्रामीण द्वारा आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने कहा कि पिछड़ वर्ग के लोगो का सम्मान भाजपा करती है और हमेशा करती रहेगी।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478